

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

जयपुर, 5 जुलाई - 11 जुलाई, 2023

श्रावण, पक्ष - शुक्ल, तिथि - द्वितीया, संवत 2080 | पृष्ठ : 8 | बुधवार | वर्ष-9, अंक-19, | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


# पेपर लीक पर दोषी को होगी उम्रकैद!

## सख्त हुई गहलोत सरकार, लिया बड़ा फैसला, विधानसभा सत्र में लाएगी बिल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पेपर लीक को लेकर लगातार विपक्ष के आरोपों का सामना कर रही गहलोत सरकार ने बड़ा फैसला किया है। राजस्थान में अब पेपर लीक करने वालों को उम्रकैद की सजा होगी। सरकार बाकायदा आगामी विधानसभा सत्र में इसे लेकर बिल लाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया अकाउंट पर ये जानकारी दी है। सीएम गहलोत ने मंगलवार को ट्वीट कर लिखा कि राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि RPSC, DOP, RSSB एवं अन्य हितधारकों के साथ चर्चा कर बेहतर प्रक्रिया तैयार करें। पेपर लीक के खिलाफ बनाए गए कानून में



भी अधिकतम सजा का प्रावधान उम्रकैद करने के लिए आगामी विधानसभा सत्र में बिल लाने का फैसला किया है। आपको बता दें, राजस्थान में पेपर लीक बड़ा सियासी मुद्दा रहा है। राज्य में सरकार की कई कोशिशों के बावजूद भी पेपर लीक की घटनाएं नहीं रुकीं। इसे लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है।

### सीएम बताएं, पेपर लीक के नए कानून से कितनों को सजा दिलवाई-राठौड़

**नेता** प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि घोषणावीर मुख्यमंत्री अशोकजी, आपके शासन में 16 बार पेपर लीक होने का देशभर में रिकॉर्ड बन चुका है। फरवरी 2022 में सदन में राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2022 लाकर आपने जो कानून बनाया था, उसके बाद भी कांस्टेबल भर्ती परीक्षा, टेक्निकल हेल्पर भर्ती परीक्षा, वनरक्षक परीक्षा, सेकंड ग्रेड परीक्षा का पेपर सरकार की नाक के नीचे लीक हुआ। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री सबसे पहले यह बताएं कि नए कानून के तहत अब तक कितने पेपर लीक के आरोपियों को आपने पकड़ा और सजा दिलवाई है ? कितने आरोपियों की संपत्ति जब्त की और किन-किन संस्थाओं की मान्यता रद्द की है? राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में पेपर लीक होना तो परम्परा बन गई है।

**सेफ्टी कमिश्नर की रिपोर्ट में खुलासा**

## बालासोर हादसे की वजह सिग्नलिंग सिस्टम में खराबी

**बालासोर @ जागरूक जनता।** 2 जून को ओडिशा के बालासोर में तीन ट्रेनों की टक्कर हुई थी। दो दशक के सबसे बड़े हादसे में 293 लोगों की मौत हो गई और 1 हजार से ज्यादा लोग घायल हो गए। हादसे की जांच CBI कर रही है। एक जांच रेलवे बोर्ड की ओर से कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (CRS) ने भी की है। सोमवार को CRS ने 40 पेज की रिपोर्ट बोर्ड को सौंपी। रिपोर्ट के मुताबिक, लेवल-क्रॉसिंग लोकेशन बॉक्स के अंदर तारों की गलत लेबलिंग की वजह से ऑटोमेटेड सिग्नलिंग सिस्टम में गड़बड़ी हुई। जो हादसे का कारण बना। रिपोर्ट सामने आने के बाद विपक्षी पार्टियां सरकार पर हमलावर हैं। TMC ने कहा कि सरकार की लापरवाही से पैसेंजर ट्रेनें चलता फिरता मुर्दाघर बन गई हैं। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा- वंदे भारत ट्रेनों के उद्घाटन की सनक में केंद्र सरकार रेलवे सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर समझौता कर रही है।


HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज

ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड़, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in



कहीं आप गलत तेल के शिकार तो नहीं हो रहे है ?

देशी दिल के लिये, दादी वाला देशी तेल...



Kabira
Healthy Growth
Yellow Mustard Oil

स्वदेशी पीली सरसों का तेल है, प्राचीन, पौष्टिक एवं परखा।

- प्राचीन शीतल विधी घाणी से निर्मित।
- निर्माण विधी उच्च ताप रहित।
- निर्माण में कोई रासायनिक प्रयोग नहीं।
- केन्सर को रोकने में लाभदायक।*
- मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभदायक।
- एसीडीटी एवं गेस्टिक रोगों में मददगार।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने मे लाभदायक।
- केवल देसी सरसों द्धारा निर्मित।
- मोटापा घटाने में लाभदायक।
- बालों के लिए एक उत्तम तेल।
- ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 से भरपूर।
- तीखी गंध रहित होने के कारण सभी व्यंजनों में उपयोगी।
- अनेक औषधीय गुणों से भरपूर।
- सभी तेलों के मुकाबले सबसे कम सेच्युरेटेड फेट्स।*
- छः हजार वर्षों से मानव के लिए उपयोगी।

Kabira Cold Pressed Oils are Also Available in :
Kachchi Ghani Mustard Oil (Pungent Smell)
Kachchi Ghani Groundnut Oil | Kachchi Ghani Sesame (Til) Oil

स्वस्थ जीवन के लिए कोनसा तेल उपयोग करें ?

कबीरा पीली सरसों तेल को फेक्ट्री मूल्य में लेने के लिए इस विज्ञापन एवं अपनी डिटेल्स को 90017-99117 पर व्हाट्सएप करें और फ्री में लाइफ मेम्बर बनें एवं पाएं 590 रू. की चांदी की फ्रेम एवं केनवास बेग बिलकुल Free

Awards & Achievements

To Open Kabira Hand Made Exclusive Store or Other Trade Inquiries Please Contact :
+91 98290 50738
MANISHANKAR OILS PVT LTD
www.manishankaroils.in
ALSO DEALS IN KISAN, PEEURA, TILAK, HANDMADE, MURARKA, BANSI, KABIRA COLD PRESSED (EDIBLE OIL, SPICES & TEA)



CAMBRIDGE PUBLIC SCHOOL

148-149, 168 Rameshwar Dham. Jaipur (Raj.) : 0141-2421039

Nursery to X



SCHOOL AT A GLANCE

- Trained Teachers, Co-Teachers & Maids in a Class of 30 Students to facilitate individual attention.
- Smart Classes with Projector in every Classroom.
- Well Equipped Computer Lab.
- Air Conditioned Classrooms.
- Auditorium.
- Play zone Room.
- Prefect Student-Teacher Ratio.

*Education is not preparation for life; education is life itself.*

cpsjprmurlip@gmail.com | cambridgepublic.schooljaipur | www.cpsjprmurlip.com

## जागरूक खबरें

### अब ट्रेन में खाना ले जाने की जरूरत नहीं, 20 रुपए में मिलेगी पूरी और आलू की सब्जी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** रेलवे अब जनरल डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों को बीस रुपए में खाना खिलाएगा। इतना ही नहीं इन यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर 3 रुपए में पैकेज्ड पेयजल की ग्लास भी उपलब्ध कराई जाएगी। रेलवे ने ट्रेनों के जनरल डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की बुनियादी सुविधाओं में वृद्धि करते हुए यह निर्णय किया है, जिसे जल्द ही अमल में लाया जाएगा। सामान्य श्रेणी के यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म पर जनता खाना के काउंटर स्थापित किए जाएंगे, जहां से यात्री खाना, पीने का पानी खरीद कर सफर के दौरान खाने की सुविधा का लाभ सकेंगे। सर्विस काउंटर से भोजन अच्छी गुणवत्ता वाले कागज में पैक कर दिया जाएगा। ये सर्विस काउंटर इसके अतिरिक्त दूसरा सामान नहीं बेच सकेंगे। आईआरसीटीसी की ओर से की जाने वाली व्यवस्था के तहत यात्रियों के लिए अनुमोदित ब्रांडों से 200 मिलीमीटर पैकेज्ड के सीलबंद ग्लास उपलब्ध रहेंगे, जिनकी कीमत 3 रुपए होगी। रेलवे ने सभी रेलवे जोन के महाप्रबंधकों को ट्रेनों के ठहराव पर खाना, पेयजल व अनारक्षित डिब्बों के पास वेंडिंग ट्रॉली की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

#### दो श्रेणियां खाने की

- » 20 रुपए में यात्री को 7 पूरी, सूखी आलू की सब्जी और अचार उपलब्ध कराए जाएंगे।
- » 50 रुपए के कॉम्बो भोजन में कैसरोल में क्षेत्रीय व्यंजन, आयटम, स्नैक बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगा, इसका वजन 350 ग्राम होगा।

### जोधपुर-साबरमती का वंदे भारत रैक पहुंचा जोधपुर

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान की दूसरी वंदे भारत ट्रेन की तारीख का ऐलान हो चुका है। 7 जुलाई को पीएम मोदी इसका उद्घाटन करेंगे और 9 जुलाई से ये ट्रेन सप्ताह के 6 दिन साबरमती के लिए शुरू कर दी जाएगी। वहीं, सोमवार को इसका रैक इंटिग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई से निकला और मंगलवार शाम जोधपुर के मुख्य स्टेशन पहुंचा। जोधपुर के लिए इसे वंदे भारत चलाना किसी चैलेंज से कम नहीं था। वह इसलिए, क्योंकि मेंटेनेंस डिपो का काम नहीं होने से यह ट्रेन एक साल आगे खिसक सकती थी। लेकिन, जोधपुर रेलवे मंडल की टीम ने इस एक साल के काम को डेढ़ महीने में पूरा कर दिया, जब अधिकारियों की टीम निरीक्षण के लिए आई तो सभी पैरामीटर पूरे मिले।

# टमाटर लाल, पेट्रोल से महंगे दाम, 25 से 100 हुआ पार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** इन दिनों पेट्रोल-डीजल से भी महंगा टमाटर मिल रहा है। पिछले सप्ताह तक जो टमाटर 20-25 रुपए किलो मिल रहा था अब उसके भाव 100 से 120 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। वहीं टमाटर के बढ़े भावों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। तेज बरसात से फसलों को नुकसान होने से टमाटर, अदरक, धनिया, हरी मिर्च और पालक के भावों में काफी इजाफा हुआ है। वहीं लोगों ने बताया कि आम से भी महंगा टमाटर मिल रहा है।



#### बारिश से फसल तबाह

**थोक** सब्जी विक्रेता के अनुसार अधिक बरसात के कारण टमाटर की फसल खराब हो गई। ऐसे में मांग की तुलना में उत्पादन कम है। इसके साथ ही बरसात से रास्ते क्षतिग्रस्त होने से भी इसके ट्रांसपोर्ट का खर्चा बढ़ गया है। इसलिए टमाटर के भाव इतने तेज हुए। टमाटर के साथ पालक, अदरक और धनिया के भावों में भी काफी उछाल आया है। जो टमाटर 20-30 रुपए किलो मिल रहा था। उसके भाव 100-120 रुपए किलो तक पहुंच गए है। हरा धनिया 80 रुपए किलो से 200 रुपए किलो और अदरक के भाव 80-100 रुपए किलो से 280-300 रुपए किलो तक पहुंच गए है। वर्तमान में टमाटर ज्यादातर अन्य प्रदेशों से आता है क्योंकि राजस्थान में टमाटर का सीजन खत्म हो गया है। अन्य सब्जियों के दाम में भी 30 से 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। खीरा, ककड़ी व प्याजों की कीमतें बढ़ने से न सिर्फ घरों, बल्कि होटलों में भी थाली से सलाद गायब होने लगा है।

**टमाटर** सहित सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी होने से रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। पहले 100 रुपए में तीन दिन की सब्जी आ जाती थी। अब 150 रुपए में एक दिन की सब्जी आ रही है।

**अनिता जांगिड़,** गृहिणी

**सब्जियों** के दामों में लगातार बढ़ोतरी होने से सब्जी के भाव आसमान छू रहे है। सरकार को चाहिए कि सब्जी की कीमतों पर नियंत्रण किया जाए ताकि प्रत्येक व्यक्ति की थाली से सब्जी गायब नहीं हो ।

**- बीना देवी गुप्ता,** गृहिणी

**घर** में टमाटर का सब्जी में लगभग रोजाना उपयोग होता था लेकिन जब से दामों में बढ़ोतरी हुई है, इसमें कटौती करना पड़ी है। सलाद के अलावा 2 दिन में एक बार टमाटर का सब्जी में प्रयोग कर रहे है।

**-राजंती देवी,** गृहिणी

**पिछले** सात दिनों में टमाटर में अचानक हुई बढ़ोतरी से 30 रुपए की जगह सीधा 120 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया। जिस कारण रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। पिछले दस दिनों से घर में टमाटर की कोई सब्जी नहीं बनी है।

**-सुमन देवी शर्मा,** गृहिणी

# गुरु पूर्णिमा : गुरु पूजन कर लिया आशीर्वाद, शिष्यों ने ली गुरु दीक्षा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का सोमवार को गुरु पूजन अर्चन के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही शिष्यों की मंदिर परिसर में लंबी लाइनें लगी जो देर रात तक जारी रही। शिष्यों ने बारी-बारी से स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज का पूजन अर्चन कर गुरु दीक्षा ली। महाराज से आशीर्वाद लेने भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया भी हाथोज धाम पहुंचे।

मंदिर में बालमुकुंदाचार्य महाराज ने आचार्य स्वामी गिरवर दास जी महाराज, स्वामी श्री बालक दास जी महाराज का चरण पूजन कर पुष्प अर्पित किए। उसके बाद सीताराम जी महाराज एवं बालाजी महाराज की भव्य फूल बंगला झांकी सजाकर महाआरती का आयोजन किया गया। वहीं सुबह 11 बजे से रात 12 बजे तक भंडारा प्रसादी का आयोजन हुआ। प्रसादी में आसपास के 5 गांवों के हजारों शिष्यों ने प्रसादी ग्रहण की। इसके अलावा विद्याधर नगर स्थित पापड़ के हनुमान मंदिर में गुरु



पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां श्री श्री 1008 रामसेवक दास जी महाराज का पूजन अर्चन स्थानीय शिष्यों के अलावा अन्य जिलों से पधारे शिष्यों ने भी किया। यहां भक्तों के लिए पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया।

## महंगाई राहत कैम्प- 7.55 करोड़ से अधिक गारंटी कार्ड हो चुके जारी, 1.77 करोड़ से ज्यादा परिवारों का हो चुका रजिस्ट्रेशन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** महंगाई का बोझ कम करने में राज्य सरकार आम आदमी की मददगार बनकर सामने आई है। प्रदेशवासियों को 10 योजनाओं का सीधा लाभ मिलने से वे राहत महसूस कर रहे हैं। राज्य के अधिकांश परिवार इन महंगाई राहत कैम्पों में अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। मंगलवार शाम तक 1.77 करोड़ से ज्यादा परिवार इन कैम्पों से लाभान्वित हो चुके हैं, जबकि गांरटी कार्ड वितरण का आंकड़ा भी 7.55 करोड़ से अधिक का हो चुका है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार मंगलवार शाम तक इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में 54.97 लाख, मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना में 92.86 लाख, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 11.34 लाख, मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना में 1.04 करोड़, मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में 66.82 लाख एवं इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 4.37 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इसी प्रकार, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 51.34 लाख, मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना में 1.07 करोड़, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 1.31 करोड़ एवं मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 1.31 करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए हैं।

## आईईएलटीएस और आईआईएस यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

**जयपुर @ जागरूक जनता।** आईडीपी के माध्यम से आईईएलटीएस और आईआईएस यूनिवर्सिटी (डीम्ड टू बी) के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए है। इसके तहत स्टूडेंट्स अब आईईएलटीएस परीक्षा तिथि के लिए सीटें प्री बुक और ब्लॉक कर सकेंगे। आईआईएस यूनिवर्सिटी के चासंलर डॉ.अशोक गुप्ता ने बताया कि इस एमओयू से आईआईएस यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स के लिए ओवरसीज एजुकेशन (विदेशी शिक्षा) के दरवाजे खुल गए हैं। आईआईएस यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता ने बताया कि छात्रों को आईईएलटीएस अध्ययन सामग्री भी प्रदान की




जाएगी। अब स्टूडेंट्स आईईएलटीएस परीक्षा तिथि के लिए सीटें प्री बुक और ब्लॉक कर सकेंगे। गौरतलब है कि आईईएलटीएस के को-ओनर 60 देशों में अपने परीक्षण केंद्रों का प्रबंधन कुशलता से कर रहे हैं।




ANCHOR यूईएम द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

# यूईएम ने छात्रों को सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में साहसिक कदम उठाए - प्रो. चटर्जी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) जयपुर एक प्रमुख राज्य निजी विश्वविद्यालय है जिसने इंजीनियरिंग, प्रबंधन और फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रमों के लिए 2012 में अपने पाठ्यक्रम शुरू किए। यूईएम विश्वविद्यालय एनएसीसी से मान्यता प्राप्त है,एआईसीटीई स्वीकृत है, आईएसओ प्रमाणित है एवं एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, एसोसिएशन ऑफ कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटीज यूके और इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज फ्रांस का सदस्य है। प्रो. डॉ. बिस्वजोयचटर्जी वाइस चांसलर यूईएम जयपुर ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यूईएम जयपुर ने छात्रों को सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में साहसिक कदम उठाएं हैं। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी ऑफ इंजिनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर को अपनी गतिविधियों, उपलब्धियों, पहलों और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताते हुए खुशी हो रही है। विगत 11 वर्षों में स्वयं विश्वविद्यालय और इसके छात्रों तथा संकाय सदस्यों ने जितने सम्मान और पुरस्कार प्राप्त किए हैं, वे सराहनीय हैं और उत्कृष्टता की दृष्टि को साकार करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं। 11 वर्षों की छोटी सी अवधि में पाठ्यक्रमों की संख्या, नामांकित छात्रों की संख्या, संकाय सदस्यों की संख्या में, बल्कि इसके अनुसंधान आउटपुट की मात्रा और गुणवत्ता में भी कई गुना वृद्धि की है। यूईएम जयपुर के छात्रों ने खुद के लिए एक पहचान बनाई है। यूईएम जयपुर रिसर्च, इनोवेशन और प्लेसमेंट में राजस्थान की टॉप यूनिवर्सिटी है। यूईएम ने छात्रों को सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में साहसिक कदम उठाए हैं, साथ ही हमारा लक्ष्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनना है।

प्रो. डॉ चटर्जी ने बताया कि हाल ही में यूईएम जयपुर के छात्रों और शिक्षकों ने एक ही शैक्षणिक सत्र में भारतीय पेटेंट कार्यालय में 100 से अधिक पेटेंट दाखिल और प्रकाशित किए हैं। 11 साल की छोटी अवधि के भीतर, यूईएम जयपुर अब कैंब्रिज अंग्रेजी मूल्यांकन परीक्षा के लिए एक अधिकृत परीक्षा केन्द्र है। इस अवसर पर (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार, यूईएम जयपुर ने बताया कि विश्व आर्थिक मंच द्वारा हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और संबंधित क्षेत्र विश्व अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों को बदल देगा। एआई, डेटा साइंस, डेटा एनालिटिक्स, सेंसर, वियरेबल टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्यूशंस युवा इंजीनियरों को आने वाले 5 से 6 वर्षों में इन उभरती प्रौद्योगिकियों पर काम करने और उनका पता लगाने का एक बड़ा अवसर प्रदान करेंगे। यूईएम जयपुर के छात्रों को हमेशा सबसे उन्नत और नवीनतम तकनीकों के साथ काम करने का अवसर दिया गया है ताकि उन्हें नौकरी के लिए तैयार और रोजगार योग्य बनाया जा सके।

पितृ दोष दूर करिए | पितृ मोक्ष की राह हुई आसान

**16 दिन नियमित कराएं श्री गया जी में पितृ श्राद्ध**



श्री गया जी में पूरे पितृ पक्ष के दौरान रहने, खाने एवं रुकने की व्यवस्था, पंडितों की दक्षिणा, 16 दिनों तक हवन, पिंडदान एवं ब्राह्मण भोजन की व्यवस्थाओं के चलते लाखों रुपए का खर्चा होता है। जिसे आम आदमी वहन नहीं कर पाता। इसलिए ऐसे लोगों के लिए **नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट** ने कम खर्चे में पितृ श्राद्ध जैसा पुण्य कार्य करवाने का बीड़ा उठाया है। प्रत्येक यजमान के साथ पिंडदान कार्य करवाने के लिए अलग से ब्राह्मण की व्यवस्था सहित इसके लिए श्राद्ध कर्म में होने वाले सम्पूर्ण व्यय का आधा खर्चा संस्था वहन करेगी। जिसमें आने-जाने का किराया भी शामिल है। ये व्यवस्था लाखों में नहीं अपितु हजारों में ही हो जाएगी।

**पहले आओ, पहले पाओ संख्या सीमित है**

आप सोचेंगे कि अभी तो श्राद्ध पक्ष में बहुत समय बाकी है, लेकिन ऐसा नहीं है। श्री गयाजी में अभी से तैयारियां होने लग गई हैं। इसलिए ऐनमौके पर व्यवस्था करने में कठिनाई होती है। अत: श्राद्ध कराने के इच्छुक निम्न नंबरों पर अभी से सम्पर्क कर सकते हैं :-

**मो. नं. 8561088777, 9928022718, 9829118962**

-: सौजन्य से :-

**नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट**

## जागरूक खबरें

### ■ संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से



**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि संसद का मॉनसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा। यह मानसून सत्र 11 अगस्त तक चलेगा। 23 दिन तक चलने वाले इस मानसून सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। मैं सभी पार्टियों से सत्र के दौरान संसद के विधायी और अन्य काम.काज में रचनात्मक योगदान देने की अपील करता हूं। ऐसी चर्चा है कि मोदी सरकार इस मानसून सत्र में समान नागरिक संहिता बिल पेश कर सकती है।

### ■ भाजपा ने पंजाब, आंध्र, तेलंगाना और झारखंड के अध्यक्ष बदले

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** देश में 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा और अगले साल लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने 4 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष बदल दिए हैं। पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और झारखंड में बदलाव हुआ है। कांग्रेस से आए सुनील जाखड़ को पंजाब, आंध्र प्रदेश में डी पुरंदेश्वरी, तेलंगाना जी किशन रेड्डी और झारखंड में बाबू लाल मरांडी को पार्टी की कमान सौंपी गई है।

### ■ साइबर सुरक्षा लैब आरपीए से होगी संचालित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में साइबर सुरक्षा को अधिक मजबूत बनाया जा रहा है। राज्य स्तर पर अब साइबर सुरक्षा लैब स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लैब स्थापना और 18.40 करोड़ रुपए के उपकरणों की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत के इस निर्णय से जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में लैब संचालित होगी। इससे प्रदेश में साइबर सुरक्षा बढ़ेगी और विभिन्न प्रकार के अपराधों के अनुसंधान में सुगमता आएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023-24 के बजट में सेंटर ऑफ साइबर सिक्योरिटी, काउण्टर टेररिज्म एंड एंटी इंसर्जेन्सी की स्थापना के लिए घोषणा की थी।

### ■ कोटखावदा के देहलाला में बनेगी नवीन पुलिस चौकी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर जिले की कोटखावदा पंचायत समिति के देहलाला गांव में पुलिस चौकी खोली जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके संचालन के लिए 7 नवीन पदों का सृजन भी होगा। नवीन पदों में पुलिस उप निरीक्षक का 1 एवं कानिस्टेबल के 6 पद शामिल हैं। श्री गहलोत के इस निर्णय से क्षेत्र में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण होगा और आमजन को राहत मिलेगी।

राज्य स्तरीय पालनहार लाभार्थी संवाद कार्यक्रम: मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों के बैंक खातों में किए 146.74 करोड़ रुपए हस्तांतरित

# बच्चों के सपने साकार करना, सभी का दायित्व-मुख्यमंत्री

### जुलाई के 87.36 करोड़ रुपए और जून के 59.38 करोड़ रुपए का पहुंचाया लाभ

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 5.91 लाख से अधिक पालनहार लाभार्थियों के बैंक खातों में 146.74 करोड़ रुपए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरित किए। इसमें जुलाई माह के 591730 लाभार्थियों को बढ़ी हुई सहायता राशि 87.36 करोड़ रुपए और जून माह के 5,92,630 लाभार्थियों को 59.38 करोड़ रुपए की सहायता राशि दी गई। गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास पर राज्य स्तरीय लाभार्थी संवाद समारोह में कहा कि विभिन्न श्रेणियों में लाभार्थियों को सहायता पहुंचाई जा रही है। सहयोग राशि बढ़ाने से लगभग 300 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। उन्होंने कहा कि गत सरकार में शुरू पालनहार योजना को बंद करने के बजाय हमने सहायता राशि और श्रेणियों में बढ़ोतरी की है। इससे परिवार में ही बच्चों की समुचित देखरेख, संरक्षण एवं शिक्षा सुनिश्चित हो रही है। ये बच्चे बड़े होकर प्रदेश और देश की उन्नति में अपना अहम योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना एक अभिनव पहल है। इसे और मजबूत बना रहे है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि एक भी पात्र बच्चा योजना से वंचित नहीं रहे।

#### बच्चों के सपने, मुख्यमंत्री का आशीर्वाद

'**पालनहार** योजना से प्राप्त राशि से काफी मदद मिली है। जेईई की तैयारी कर रही हूं, इंजीनियर बनना है।'- **नेहा,** चूरू

'**मुझे** आईएएस बनना है। आपके प्रोत्साहन से हर बच्चे को संबल मिला है। यह निरंतर मिलता रहेगा।'- **आयुषी,** हनुमानगढ़

'**कक्षा** 9वीं में पढ़ रही हूं। बड़े होकर जज बनकर लोगों की सेवा करनी है।' - **आरूषी केडिया,** सवाई माधोपुर

#### पालनहारों ने कहा, योजना से मिली राहत

'**तीन** बच्चों की पढ़ाई और लालन-पोषण में मदद मिली है। मुझे स्कूटी का लाभ भी मिला। इसके लिए आपका धन्यवाद।'- **असलम हुसैन,** कोटा

**योजना** में सहायता राशि में बढ़ोतरी से राहत मिली है। बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनेगा। जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है।- **कविता मीणा,** दौसा

'**पालनहार** सहित सभी योजनाओं से हम लाभान्वित हुए है। बच्चों को आपसे प्रोत्साहन मिलता है। वे भी आपकी तरह जनसेवा करना चाहते है।'- **गंगा बाई** उदयपुर, **मंजू देवी,** सीकर

#### एक भी पात्र बच्चा वंचित नहीं रहे

मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से संवाद में कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और सुनहरे सपनों को साकार करने की हम सभी की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार इसमें पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पढ़ाए। मुख्यमंत्री अनुप्रति निःशुल्क कोचिंग योजना में तैयारी कराकर उन्हें आगे बढ़ाए। राज्य सरकार द्वारा राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के जरिए होनहार बच्चों को विदेश में अध्ययन करने के लिए भेजा जा रहा है।

#### सामाजिक सुरक्षा कानून लागू करें प्रधानमंत्री

गहलोत ने कहा कि पूर्ववर्ती केंद्र सरकार ने खाद्य, रोजगार, शिक्षा और सूचना का अधिकार पूरे देश में एक समान लागू किया। उसी तरह हमने राजस्थान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत न्यूनतम एक हजार रुपए का प्रावधान किया है। अब केंद्र सरकार भी पूरे देश में सामाजिक सुरक्षा कानून लागू कर जरूरतमंदों को आर्थिक सम्बल प्रदान करें।

#### मुख्यमंत्री का लाभार्थियों से संवाद

मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के बच्चों से उनके भविष्य को लेकर संवाद किया। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों की भावनाओं पर उन्हें प्रोत्साहित कर कहा कि आप पढ़ाई करें। आपके सपनों को पूरा करने में सरकार कोई कमी नहीं रखेगी।

प्रतापगढ़ में 11 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास समारोह

# बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से प्रदेश के विकास को मिली गति-मुख्यमंत्री

### 50 सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का गजट नोटिफिकेशन जारी करे केंद्र सरकार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य में नई सड़कों के निर्माण के साथ-साथ सुदृढ़ीकरण के कार्य कराए जा रहे हैं। राज्य में 1.32 लाख किलोमीटर सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें 61 हजार कि.मी सड़कों का निर्माण हो चुका है तथा 71 हजार कि.मी पर निर्माण प्रगतिरत है। वहीं, 250 की आबादी वाले गांवों में भी सड़क पहुंचा रहे हैं।

गहलोत मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास से प्रतापगढ़ में हुए 11 राजमार्ग परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मजबूत सड़क तंत्र के लिए कोई कमी नहीं रखी है। प्रदेश में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से आर्थिक और औद्योगिक विकास को गति मिली है। अब राजस्थान मजबूत सड़क तंत्र के साथ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है।

#### केंद्र सरकार से आग्रह

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से राजस्थान की 50 सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के संदर्भ में गजट नोटिफिकेशन शीघ्र जारी करने का आग्रह किया। राष्ट्रीय राजमार्ग बनने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि जोधपुर एलिवेटेड रोड की 2000 करोड़ रुपए की तैयार डीपीआर पर निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाए। साथ ही, रिंग रोड के शेष कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण कराने का आग्रह किया।

# प्रदेश से बाहर अंग प्रत्यारोपण होने पर भी मिलेगा पुनर्भरण

### मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में अंग प्रत्यारोपण गाइडलाइन को स्वीकृति

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत प्रदेश के बाहर किसी भी अस्पताल में निःशुल्क अंग प्रत्यारोपण कराया जा सकेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में गाइडलाइन को स्वीकृति दी है। गाइडलाइन के अनुसार, प्रदेश के बाहर अंग प्रत्यारोपण एवं कॉक्लियर इम्प्लांट के लिए पुर्नभरण किया जाएगा। अंग प्रत्यारोपण की अनुशंसा सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में गठित ट्रांसप्लांट इवेल्यूएशन कमेटी करेगी। अनुशंसा जारी किए जाने के बाद अंग प्रत्यारोपण के पैकेज का लाभ मरीज को प्रदेश के बाहर मिल सकेगा। इसमें मरीज एवं एक सहायक को राज्य से बाहर उपचार हेतु आने-जाने के लिए 1 लाख रुपए तक की हवाई यात्रा के व्यय का पुर्नभरण भी होगा। इसके अतिरिक्त सक्षम स्तर की अनुमति से विशेष परिस्थितियों में पैकेज सीमा की 50 प्रतिशत तक की अग्रिम राशि भी मरीज को मिल सकेगी। वर्तमान में योजना के तहत प्रदेश के एमपेनल्ड अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण के 37 पैकेज तथा कॉकलियर इम्प्लांट के लिए 5 अतिरिक्त पैकेज लागू हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।




# आईआईएस में उम्मीद्वारों के लिए नि:शुल्क हेल्प सेन्टर शुरू

**जयपुर @ जागरूक जनता।** कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी)- 2023 के लिए मानसरोवर स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल (आईआईएस) में उम्मीदवारों में जागरुकता लाने और उनकी सुविधा के मद्देनजर हेल्प सेन्टर की शुरुआत की गई है। इंडिया इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर डॉ.अशोक गुप्ता ने बताया कि यह हेल्पलाइन सेवा उम्मीदवारों के लिए निःशुल्क होगी। इससे उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने में मदद मिलेगी। एनसीईटी - 2023 के लिए आवेदन करने में उम्मीद्वारों को कठिनाई होती है तो वह 9783307269 और 7793803863 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को चयनित केंद्रीय संस्थानों में 4- वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) में प्रवेश के लिए नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी) आयोजित करने और नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी) के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) कार्यक्रम के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में भारत भर के 178 शहरों और 13 माध्यमों में नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट [एनसीईटी] - 2023 आयोजित करेगी। उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र एनटीए की वेबसाइट https://ncet.samarth.ac.in/ के माध्यम से ऑनलाइन जमा करा सकते हैं। (एनसीटीई की वेबसाइट (https://ncte.gov.in) के माध्यम से भी प्रवेश उपलब्ध है। एनसीईटी 2023 ऑनलाइन आवेदन के लिए एनटीए वेबसाइट को जरूर देखें।

# महिला विरोधी गहलोत सरकार के खिलाफ थाली नाद से हुंकार भरेंगी महिलाएं- अल्का मूंदडा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** दुष्कर्म और महिला उत्पीडन के बढते मामलों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में बडी संख्या में महिलाएं थाली नाद के साथ सीएम आवास के लिए कूच करेंगी। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अल्का मूंदडा ने कहा कि 'थाली नाद विरोध प्रदर्शन' की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उसके उपरांत कूच से पहले होने वाली सभा के लिए प्रदेश कार्यालय के बाहर बनाए गए मंच और पांडाल का जायजा लिया गया। अल्का मूंदडा ने कहा कि महिला विरोधी गहलोत सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में बडी संख्या में महिलांए शामिल होंगी। भाजपा प्रदेश कार्यालय में एकत्रित होंगी, इस दौरान एक विशाल सभा का आयोजन होगा जिसमें महिला मोर्चा सहित वरिष्ठ नेता सभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद थाली नाद के साथ गूंगी बहरी गहलोत सरकार को जगाने के लिए मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करेंगी।

# राजस्थान-मध्यप्रदेश के सीमा विवाद पर बड़ी बैठक 7 को

### दोनों राज्यों के राज्यपाल आएंगे उदयपुर, साथ में 15 जिलों के कलेक्टर-एसपी भी शामिल होंगे

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान व मध्यप्रदेश की सीमा को लेकर चल रहे विवाद को लेकर उदयपुर में 7 जुलाई को बैठक होगी। जिन जिलों में विवाद चल रहे हैं, उनको निस्तारित करने के लिए दोनों राज्यों के राज्यपाल बैठक में शामिल होंगे। इसमें 15 जिलों के कलेक्टर व एसपी भी भाग लेंगे। इधर, उदयपुर के प्रशासन ने इस आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र व मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल सात जुलाई को उदयपुर के संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभागार में बैठक में शामिल होंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक को लेकर मंगलवार को संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने अधिकारियों की बैठक ली और इस आयोजन की व्यवस्थाओं के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि बैठक की व्यवस्थाओं के माध्यम से राजस्थान की अच्छी छवि जाए इस बात का ख्याल रखते हुए पुख्ता प्रबंध किए जाए। बैठक में दोनों राज्यपाल की यात्रा को लेकर प्रोटॉकाल, आने वाले अधिकारियों के आवास और अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी निर्देश दिए।

ANCHOR | इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो-2023

# प्रदेश के उद्योगों के उत्पादों को निर्यात हेतु वैश्विक मंच उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य के उद्योगों को निर्यात हेतु पूर्वी अफ्रीकी देशों में बाजार उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद एवं फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्री के द्वारा केन्या की राजधानी नैरोबी में आयोजित हो रहे इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो-2023 में शामिल होने के लिए प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा।



आरईपीसी चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा के अनुरूप प्रदेश के उद्योगों को निर्यात हेतु वैश्विक मंच उपलब्ध कराने हेतु राज्य निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नैरोबी में 5 जुलाई से 7 जुलाई तक आयोजित हो रहे इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो-2023 में शामिल होने के लिए प्रदेश के विभिन्न उद्योग श्रेणी के 175 उद्यमियों को शामिल होने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों एवं प्रोत्साहन कार्यक्रमों के माध्यम से उद्योगों के उत्पादों के निर्यात में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि इस एक्सपो में शामिल होने से प्रदेश के उद्योगों को पूर्वी अफ्रीकी देशों में निर्यात करने के लिए नवीन अवसर प्राप्त होंगे साथ ही उत्पादों की वैश्विक पहचान भी कायम होगी। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय एक्सपो में पूर्वी अफ्रीकी देशों के क्रेताओं से व्यक्तिगत रूप से संवाद होगा। अरोड़ा ने कहा कि राज्य सरकार का प्रदेश के निर्यात में वृद्धि का लक्ष्य है, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है तथा इसके सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस एक्सपो के माध्यम से प्रदेश के उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा। एक्सपो के लिए नैरोबी पहुंचे राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद के सीईओ पी.आर. शर्मा ने बताया कि



जागरूक जनता
jagrukjanta.net
जागरूक & विचार VICHAR
जयपुर, बुधवार, 5 जुलाई - 11 जुलाई 2023


## सम्पादकीय

# विपक्ष को झटका कैसे?

**लोकसभा** चुनाव से पहले एनडीए के खिलाफ विपक्षी एकजुटता की गाड़ी अभी प्लेटफॉर्म पर आई ही थी। दूसरी बैठक पर सहमति भी बन गई थी। इससे पहले ही शरद पवार की पार्टी में एनडीए ने सेंध लगा दी। विपक्षी एकता के लिए यह टूट किसी झटके से कम नहीं है। अजित पवार की अपनी पार्टी NCP और चाचा शरद पवार से की गई दूसरी बगावत चार साल पहले वाली बगावत के मुकाबले ज्यादा मजबूत और टिकाऊ लगती है। जहां पिछली बार सुबह हुए शपथ ग्रहण के कुछ घंटे बाद से ही हालात बदलने शुरू हो गए थे, वहीं इस बार ऐसे कोई आसार नहीं दिख रहे। पिछली बार अजित पवार ने अकेले शपथ ली थी, लेकिन इस बार उनके साथ पार्टी के तमाम दिग्गज नेताओं ने शपथ ली। यह अलग बात है कि इनमें से ज्यादातर के खिलाफ बीजेपी की ही तरफ से भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए जा रहे थे। कइयों के खिलाफ जांच एजेंसियों में मामले भी पेंडिंग हैं।

ऐसे में देखना होगा कि जांच एजेंसियां इन नेताओं के कथित भ्रष्टाचार के मामलों में आगे क्या करती हैं। बहरहाल, दलबदल भले ही महाराष्ट्र में हुआ हो, इसकी सबसे बड़ी चोट राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता पर पड़ी है। शरद पवार विपक्ष के सबसे कद्दावर नेताओं में हैं और विपक्षी एकता के प्रयासों में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में उनके पैरों के नीचे से उनकी लगभग पूरी पार्टी को खींच कर बीजेपी ने यह संदेश दिया है कि विपक्षी नेता जो भी दावे करें, उनकी पार्टी ही उनके काबू में नहीं है। यह बहुत बड़ा संदेश है, जिसे काउंटर करना भी विपक्षी दलों के लिए जरूरी है। शायद यही वजह है कि विपक्षी पार्टियों की बेंगलुरु में प्रस्तावित बैठक टलने की चर्चा शुरू होते ही कांग्रेस ने यह स्पष्ट कर दिया कि बैठक बेंगलुरु में ही 17 और 18 जुलाई को होगी। कांग्रेस नेताओं ने यह बताना भी जरूरी समझा कि महाराष्ट्र में हुई घटनाओं का विपक्षी दलों के एकता के प्रयासों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला। मगर पार्टी में सेंध लगने के बाद इन दलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने वोट बेस को बनाए रखने की है। सवाल यह खड़ा हुआ है कि क्या नेताओं के साथ-साथ पार्टी का वोट बेस भी दूसरे खेमे में चला गया है।

शिवसेना के शिंदे और उद्धव गुट अब भी इस पर परस्पर विरोधी दावे कर रहे हैं। यही वजह है कि शरद पवार ने एलान किया कि वह इस मामले में कोर्ट नहीं, सीधे जनता के बीच जाने वाले हैं। उन्हें पता है कि विधायकों को भी बांधे रखने का काम जनदबाव से ही हो सकेगा। इस लिहाज से आने वाला वक्त महत्वपूर्ण है। अगर शरद पवार जनता का इतना तगड़ा समर्थन जुटा लेते हैं कि पार्टी के ज्यादातर विधायक उनके साथ रहने का फैसला करते हैं तो लड़ाई का पहला दौर उनके नाम हो जाएगा। ऐसा नहीं होता है तो भी फैसला अंतिम रूप से अगले लोकसभा चुनावों में ही होना है। लिहाजा एकता की प्रक्रिया को बाधित होने देने का रिस्क विपक्षी पार्टियां नहीं ले सकतीं।

**अजमेर जिले में आज भी तीन दिन में एक बार पानी की सप्लाई होती है। राजधानी जयपुर में आज भी अनेक इलाके ऐसे हैं, जहां पानी का टैंकर आता है, तोएक बर्तन पानी के लिए लोग जद्दोजहद करते नजर आते हैं।**

# पानी आंख से नहीं, नदियों में बहना चाहिए



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**आजादी के 70 साल बाद भी लगभग 50 फीसदी भारतीय लोग पीने के पानी तक पहुंच नहीं पाते हैं। वास्तविकता एक ही है कि देश के लोगों, विशेषकर महिलाओं को पीने के पानी के लिए मीलों पैदल चलना पड़ता है।**



**हम** विश्व की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गए हैं। हमारे यहाँ 700 बिलियन इंटरनेट यूजर हैं! हमारे लोगों का प्रति व्यक्ति डाटा कन्जंप्शन अमेरिका और चीन को जोड़ लें तो भी फिगर हमारे बराबर नहीं आता है। टेक्नोलॉजी से जुड़ी उपलब्धि देखिए कि नवंबर 2020 में प्रधानमंत्री ने हर घर जल योजना की बात की। इस दौरान जल शक्ति मंत्री ने उपराष्ट्रपति निवास में एक चर्चा रखी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तुरंत उनके सचिव से कहा कि मेरे गांव की स्थितियां बताइए। उन्होंने तुरंत बटन क्लिक किया- जिला झुंझुनू, पंचायत समिति चिड़ावा, गांव किठाना और फिर उस पर आ गया कि उपराष्ट्रपति के घर पर नल है। उपराष्ट्रपति ने पूछा कि कितने घरों में नल नहीं है, वह भी आ गया। यह अचीवमेंट टेक्नोलॉजी का है। यह इंडिकेट करता है आज का भारत।

अब तस्वीर का दूसरा पहलू देखते हैं। आजादी के 70 साल बाद भी, लगभग 50 फीसदी भारतीय लोग पीने के पानी तक पहुंच नहीं पाते हैं। केंद्र और राज्य स्तर पर अलग-अलग सरकार ने इसके लिए काम किया है, लेकिन वास्तविकता एक ही है कि देश के लोगों, विशेषकर महिलाओं को पीने के पानी के लिए मीलों पैदल चलना पड़ता है। इन हालात को बदलने के लिए प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन की घोषणा की थी। जल जीवन मिशन का उद्देश्य 2024 तक देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर निर्धारित गुणवत्ता का पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।

इसी संदर्भ में एक अहम सवाल यह भी है कि क्या हम लोग भी पेयजल को बचाने के लिए किसी किस्म की कोई कोशिश करते हैं? सच्चाई यह है कि जब कभी हमारे सामने पानी से भरा गिलास आता है, तो हम थोड़ा पानी ही इस्तेमाल करते हैं, बाकी पानी को गिलास में खाली छोड़ देते हैं। पूरा गिलास आपकी टेबल पर आता है, आधा पीते हैं, आधा छोड़ देते हैं। लोग सोचते हैं, शायद यही संस्कृति ठीक है। पर यह सरासर गलत है। हमारी दिनचर्या के अंदर हम इस बात को अपनाएं कि पानी से भरा गिलास अगर सामेन है, तो उसका पूरा इस्तेमाल करेंगे। शरीर को पानी की आवश्यकता है, उसमें कभी कमी मत कीजिए पर ऐसा नहीं होना चाहिए, किसी भी कार्यक्रम में हों, या भोजन कर रहे हों, तो हम मान लें कि पानी पूरा आएगा और हम आधा ही पिएंगे। यह दरअसल जन आंदोलन का विषय है, और यही जल आंदोलन को गति देगा।

हमने अपनी माताओं-बहनों को कुएं से पानी लाते हुए देखा है। ज्यादा भार उन पर पड़ता था। मैंने खुद कुएं से पानी निकाला है, बैल द्वारा निकलता हुआ देखा है, ऊंट से निकलता हुआ देखा है। कोई प्याऊ लगा देता था, तो हम उसे धर्मात्मा मानते हैं। पशु के लिए पानी पीने की व्यवस्था करते थे, वह बहुत बड़ा धर्म था। मेरे अजमेर जिले में आज भी तीन दिन में एक बार पानी की सप्लाई होती है। राजधानी जयपुर में आज भी अनेक इलाके ऐसे हैं, जहां पानी का टैंकर आता है, तो पूरी बस्ती में एक अजीब सी हलचल मच जाती है। एक बर्तन पानी के लिए लोग जद्दोजहद करते नजर आते हैं। कई बार मारपीट तक हो जाती है। जल संकट किसे कहते हैं, यह मैंने अपनी आंखों से देखा है।

यह सुखद विषय है कि देशभर में जलाशयों, एनिकट का निर्माण किया जा रहा है। हमारे यहां पर जोहड़, बावड़ी, पोखर कुछ अंतिम सांस ले रहे हैं, कुछ को जीवित करना पड़ेगा, कुछ का नवनिर्माण करना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय किया है- जोहड़, पोखर अपरिवर्तनीय हैं, उस भूमि का उपयोग किसी और काम के लिए हो ही नहीं सकता, हुआ है तो वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना है, चिंता का विषय है, चिंतन का विषय है। जोहड़, पोखर, चारा भूमि जो हर गांव के फेफड़े थे, वह सिकुड़ गए हैं, उन पर अतिक्रमण हो रहा है, जिसे नजरअंदाज किया जा रहा है।

ऐसी परिस्थिति में यदि अगर हर पंचायत यह संकल्प लें, कि हम हमारे यहां जो पोखर है, जोहड़ हैं, चारा भूमि है उसका सर्जन करेंगे, उनको जीवित करेंगे। मैं आपको दावे के साथ कह सकता हूं कि इसका परिणाम जबरदस्त होगा। इसका सीधा असर, पशुधन पर पड़ेगा, गांव की इकॉनमी पर पड़ेगा।

हाल ही जोधपुर में 403 वर्ष पुरानी तापी बावड़ी के पुनरुद्धार का अच्छा कदम उठाया गया है। तापी बावड़ी कभी बहुत उपयोगी हुआ करती थी, बावड़ी जबरदस्त है, क्या कला, क्या बनावट, कैसे पानी आता था- अब पानी क्यों नही आता है? यदि उनका सृजन करेगें तो बहुत ही जबरदस्त राहत मिलेगी और हमारे जीवन में परिवर्तन आएगा।

जोहड़ जैसी कई प्राचीन सांस्कृतिक विरासत रूपी व्यवस्थाओं को संरक्षित एवं पुनर्जीवित करने के लिए हमें तीन आर दृ रीडूस, रीसाइकल और रीयूज के मंत्र को अपनाना होगा। ऋग्वेद में जल की व्याख्या करते हुए सार्थक रूप से कहा गया है कि - जल में अमृत है, जल में औषधि है! इस अवसर पर रहीम का दोहा याद आता है - ्रहिमन पानी राखिए बिनु पानी सब सूनष! आवश्यकतानुसार पानी का उपयोग करना हमारी संस्कृति का स्रोत है, हम लोगों का धर्म है और यही रास्ता है, इस पर नहीं चलेंगे तो परिणाम ठीक नहीं होगें। किसी ने कहा है- 'जख्म सूखा और धरा को हरा होना चाहिए, पानी आंख से नहीं, नदियों में बहना चाहिए।'

*- ये लेखक के अपने विचार है*

# हाय टमाटर, लाल-पीला हाय टमाटर

तुषार पुरोहित
पत्रकार
@jagrukjanta.net





**टमाटर** का वर्तमान हाल और इतिहास देखकर कुछ शब्द यूं ही बुदबुदा हो गए...

*मारा मारा जो फिरा, गलियों में बेहाल।*
*वही टमाटर हो गया, देखो मालामाल ।।*
*सड़कों पर फैंका गया, जैसे कोई अनाथ ।*
*नहीं टमाटर आ रहा, आज किसी के हाथ ।।*

किसी शायर ने लिखा है-कि जैसे पान में महंगा क़िमाम घुलता है.... ये कैसा इश्क़ है उर्दू ज़बां का, बरबस ही किसी अफसर से पूछिए तो वह कहेगा- ठीक वैसा ही इश्क जैसा, अरहर की दाल में टमाटर-प्याज के तड़के का। तुअर दाल या येलो दाल भी बोलेंगे तो इस तड़के वाली दाल का स्वाद नहीं बदलने वाला। फिर भी जाने क्यों जबसे टमाटर सौ रुपये किलो के पार पहुंचा है, तबसे एक घनघोर राष्ट्रवादी मित्र रोजाना टमाटर के इतिहास को खोद रहे हैं। उनका कहना है कि भारतीयों को टमाटर जैसे लैटिन अमेरिकी फल या सब्जी से परहेज करना चाहिए, क्योंकि यह टमाटर फिलहाल अपने दामों से देश के आम लोगों की चटनी बनाए दे रहा है।

टमाटर का इतिहास, भारतीय क्लाइमेट में सेहत पर इसका प्रभाव और इसके साथ हो रहे जेनेटिक इनोवेशन से बिगड़े स्वाद की बात तो बाद में। पहला सवाल तो यह है कि टमाटर उगाने वाले किसान को अभी दो महीने पहले तक ही फसल के इतने कम दाम मिल रहे थे कि बेचारे सड़क पर फेंकने को मजबूर थे। दूसरी तरफ आम जनता है कि बेचारी सौ रुपये में एक किलो टमाटर खरीदने के बजाय दो किलो आम खरीदकर घर वापस चली आ रही है। यानी किसान को दाम नहीं मिल रहे और कस्टमर को टमाटर इतने महंगे पड़ रहे कि खरीदने की हिम्मत नहीं हो रही। अब सवाल यह है कि इस महंगाई का फायदा उठा कौन रहा है। छोटे सब्जी वाले तक परेशान हैं, क्योंकि उन्हें खुद महंगा मिल रहा है और ग्राहकों का गुस्सा उन्हें झेलना पड़ रहा है। टमाटर के इस हाल पर धूमिल की मशहूर कविता याद आती है- 'एक आदमी रोटी बेलता है, एक आदमी रोटी खाता है, एक तीसरा आदमी भी है, जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है, वह सिर्फ रोटी से खेलता है, मैं पूछता हूं-यह तीसरा आदमी कौन है? मेरे देश की संसद मौन है।'

साहब के जमाने में कोई रोटी से खेल रहा था, आज टमाटर से खेल रहा है। इसलिए अब संसद, देश की सरकारों और शासन-प्रशासन के पास मौका है कि वह मौन न रहें। जानें कि वो बिचौलिया कौन है, जो न टमाटर पैदा करता है और न खाता है, वह सिर्फ इसके दामों से खेलता है। बीच के इस आदमी को ढूंढना बहुत जरूरी है, क्योंकि आज टमाटर हो या प्याज, आलू हो या गेहूं, यह बीच में रहकर खेलने वाला ही सबसे ज्यादा खा रहा है। अब वापस आते हैं टमाटर से जुड़े अतरंगी विचारों पर। जैसे टमाटर का विदेशी होना। देश के लिए यह फिक्र वाली बात होनी ही चाहिए कि जब राष्ट्रवाद का उभार अपने चरम पर हो तो देसी लोग सबसे ज्यादा चाउमिन और मोमो के ठेलों पर नजर आते हैं। जिनकी हालत थोड़ी बेहतर है वह खान मार्केट में जैपनीज़, वियतनामी, कोरियन और इटैलियन फूड के लिए देर शाम रेस्तरां के बाहर लाइन में लगकर इंतजार करते हैं। टमाटर का महंगा होना और उसके लिए फिक्रमंद होना वाकई में कई बार लोगों के राष्ट्रवाद पर सवाल उठाता है। अरे भाई, कच्चा आम अपना है, इमली अपनी है। डालो न सब्जी में और चाहे चटनी बनाओ। दोनों अभी सस्ते भी हैं और हमारे शरीर के लिए टमाटर के मुकाबले कहीं ज्यादा फायदेमंद हैं।

*मारा मारा जो फिरा, गलियों में बेहाल।*
*वही टमाटर हो गया, देखो मालामाल ।।*
*सड़कों पर फैंका गया, जैसे कोई अनाथ ।*
*नहीं टमाटर आ रहा, आज किसी के हाथ ।।*

कई साल पहले नैशनल बॉटनिकल रिसर्च सेंटर में एक साइंटिस्ट डॉ पुष्पांगदन अपने मित्र थे। वह अक्सर समझाते थे कि भाई, टमाटर क्यों खाते हो ? तीन-चार सौ साल पहले ही यह लैटिन अमेरिका, मैक्सिको और पुर्तगाल होते हुए भारत पहुंचा था। बाद में जब यह अंग्रेजों को भाया तो उन्होंने इसकी खेती शुरू करा दी। फिर पाकिस्तान से इधर आए सिंधी पंजाबी भाइयों ने आजादी के समय प्याज-टमाटर के तड़कों से सारी दिल्ली में खुशबू फैला दी और यहां से उड़ी खुशबू सारे देश तक फैल गई। खैर जब फैली थी, तब फैल गई। काल, खंड और परिस्थितियों के हिसाब से शौक, स्वाद और मिजाज़ सब बदलता है। प्रखर राष्ट्रवाद के इस दौर में विद्वानों का यह फर्ज बनता है कि वह राष्ट्रवादी सब्जियों और फलों की लिस्ट अलग से बनाएं। उन्हें ही देसी माना जाए, जिनको अपने यहां खाए जाने का इतिहास कम से कम पांच हजार साल पुराना तो हो ही। इतिहास बदलने के इस दौर में इस दिशा पर भी काम हो। टमाटर फेसबुक पर सबसे ज्यादा पसंद पा रहा है,हजारों की संख्या में उसे साझा कर रहे हैं, वाटसएप पर नए-नए तरीके से टमाटर की तुलना योद्धाओं से की जा रही है। टमाटर पर चुटकुले पर जोर आ रहे हैं। संता-बंता से ज्यादा लोकप्रिय हो गया टमाटर।

देसी के साथ जब से विदेशी टमाटर आया है,देसी कुछ ज्यादा ही भाव खा रहा है। विदेशी के भाव तीसरी मंजिल पर तो,देसी के भाव आसमान पर। देसी खाकर कोई लाल हो रहा है,तो कोई उसके भाव सुनकर लाल हुआ जा रहा है। जो खरीद रहा है वो लाल है,जो नहीं खा पा रहा है,वह मारे शर्म के लाल है। किसी के टमाटर खा के गाल लाल हो रहे हैं,और कुछ की टमाटर खरीद कर जेब का हाल बेहाल है। जो टमाटर नहीं खरीद पा रहा है,वह बैंगन की तरह काला या फिर कददू की तरह मुंह बनाकर सब्जी मंडी से निकल रहा है।

टमाटर के भाव देख मण्डी की सब्जियां शर्म से मरी जा रही हैं और यही जुबान पर आ रहा है, हाय हम न हुए। सर्वव्यापी आलू का हाल बेहाल है, लोगों को करेला मीठा लगने लगा, भिण्डी कोने पड़ी, लौकी और तुरई की हालत निर्दलीय विधायकों से भी गई गुजरी थी। टमाटर मुख्यमंत्री बना पड़ा था,लेकिन प्याज जब टमाटर के पास से निकली तो इतराकर बोली-ए तेरी औकात क्या है,अभी दो दिन में गली-गली में भैंसे खाते दिखाई देंगे, अगर हिम्मत है तो सरकार बदल कर दिखा। खैर, टमाटर ने अपनी कुर्सी और पॉजिशन टॉप कर ली है। सब्जी मंडी हो या संसद कब किसका भाव चढ़ जाये, खुदा जाने.....।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



वे **उनके** अंतरंग हो जाते हैं, उनको प्राप्त करने की इच्छा हो तो एक न एक भाव शांत, दास्य, सख्य, वात्सल्य मधुर आदि का सहारा लेना पड़ता है। ऋषियों का शांत भाव था। उनमें भोग की कोई वासना नहीं थी, ईश्वर निष्ठा थी। जैसे सती स्त्री की पति पर होती है। दूसरा दास्य भाव जैसे हनुमानजी का भगवान राम पर था। तीसरा सख्य यानि मित्र भाव जैसा सुदामा का, अर्जुन का कृष्ण पर था। वात्सल्य भाव जैसा यशोदा का कृष्ण पर था। मधुर भाव जैसा गोपियों का कृष्ण पर था। ईश्वर को कोई चर्म चक्षुओं से नहीं देख सकता। साधना करते-करते शरीर प्रेम का हो जाता है। आंखें प्रेम की कान प्रेम के। प्रेम की आंखों से वे दिख सकते हैं। दिव्य प्रेम के कानों से उनकी वाणी सुन सकती है। इस प्रेम के शरीर से आत्मा के साथ ईश्वर के साथ रमण होता है। ईश्वर को बिना खूब प्यार किए उनके दर्शन नहीं होते। खूब प्यार करने से चारों ओर ईश्वर ही ईश्वर दिखते हैं। जैसे पीलिया के रोगी को चारों ओर पीला ही पीला दिखाई देता है। तब वही मैं हूं, यह बोध भी हो जाता है। गोपियां प्रेमोन्मत्त होकर कहती थी मैं ही कृष्ण हूं। दिन-रात उन्हीं की चिंता करने से चारों ओर वे ही दिखाई पड़ते हैं। जैसे थोड़ी देर दीपक की लौ की ओर देखने से कुछ समय तक दीप शिखा ही दिखती है। क्रमशः

## ओपिनियन

# देश की एकता-अखंडता के लिए राजद्रोह कानून जरूरी



सीमा अग्रवाल
स्वतंत्र लेखिका
@jagrukjanta.net

सीमा अग्रवाल, स्वतंत्र लेखिका

देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए देश में राजद्रोह कानून को लागू करना बहुत जरूरी है। विधि आयोग के अध्यक्ष रितुराज अवस्थी द्वारा कही इस बात ने एक बार फिर राजद्रोह कानून की प्रासंगिकता को साबित कर दिया है। हालांकि राजद्रोह कानून के लागू होने या स्थगित किए जाने की ये चर्चा नई नहीं है। बीते साल मई में सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून को स्थगित कर दिया था। तब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से ब्रिटिश काल के इस कानून में संशोधन करने को कहा था। अब मई, 2023 में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि कानून की समीक्षा प्रि या अंतिम चरण में हैं। इसे मानसून सत्र में पेश किया जा सकता है।

गौरतलब है कि भारतीय समाज में न केवल भाषाई, बल्कि धार्मिक एवं जातिगत विविधता व्याप्त है। देश के तमाम क्षेत्र समय-समय पर इस कारण सांप्रदायिक दंगों में झुलसे रहते हैं। ऐसे में एक स्थायी सरकार का होना बेहद जरूरी है। राजद्रोह कानून देश में चुनी गई लोकतांत्रिक सरकार को स्थायित्व प्रदान करती है और सांप्रदायिकता के खिलाफ सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियानों को सफल बनाती है। किसी देश की वृद्धि और विकास में जितनी महती भूमिका मजबूत न्यायपालिका की है, उतनी ही जरूरी कार्यपालिका भी है। इसलिए न्यायपालिका की अवमानना करने पर दंडात्मक कार्यवाही का प्रावधान उचित है। वह न्यायपालिका को शक्तिशाली और स्वतंत्र बनाता है। देखा जाए तो देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को बल प्रदान करने के लिए कार्यपालिका की अवमानना पर किया गया दंडात्मक प्रावधान किसी भी तरह गलत नहीं है। राजद्रोह कानून की प्रासंगिकता को नेशनल ₹ इम रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के जरिए भी समझा जा सकता है। सितंबर, 2022 में एनसीआरबी के जारी आंकड़े देशद्रोह कानून के महत्व का समर्थन करते मिलते हैं। ब्यूरो की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2014-2021 के बीच देश में राजद्रोह के 475 मामले दर्ज हुए हैं। इसमें से 69 मामले असम में दर्ज किए गए। वहीं हरियाणा में 42, झारखंड में 40 और जम्मू-कश्मीर में 29 राजद्रोह के मामले दर्ज किए गए हैं। ये आंकड़े इस बात की पुष्टि है कि देश की आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए राजद्रोह कानून का लागू होना सर्वथा उचित है। उत्तर-पूर्व राज्यों में फैले माओवाद, झारखंड और छत्तीसगढ़ में व्याप्त नक्सलवाद को नेस्तनाबूद करने के लिए राजद्रोह कानून का होना जरूरी है।

आजादी के बाद से ही ब्रिटिश काल में आए राजद्रोह को अपराध बनाने वाले कानून की संवैधानिकता को सुप्रीम कोर्ट में कई बार चुनौती दी गई है। जुलाई, 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह के कानून के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी देश में इस कानून की जरूरत क्यों है? सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी पर विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस कानून को केवल इस आधार पर निरस्त करना उचित नहीं होगा कि यह एक औपनिवेशी काल का कानून है। दुनिया के कई देश ऐसे कानूनों को निरस्त कर चुके हैं, जिसका खामियाजा उन्हें उठाना पड़ रहा है। ऐसा करना भारत की वर्तमान जमीनी हकीकत से आंखें मूंद लेना होगा। विधि आयोग ने यह भी कहा कि इस कानून को निरस्त करने से समाज में आराजकता बढ़ सकती है। यह अराजकता कानून द्वारा स्थापित सरकार के अस्तित्व के लिए खतरा साबित होगी।

विधि आयोग का यह भी कहना है कि महज इस तर्क पर कानून की उपयोगिता को आंका नहीं जा सकता कि अंग्रेजों के जमाने के नियम, कानून हमें उनके शोषित रवैये और हमारी परतंत्रता की याद दिलाते हैं। देखा जाए तो आज भी देश में तमाम नियम, कानून, इमारतें ऐसी हैं, जिनके नाम ब्रिटिश काल को स्मरण कराते हैं। फिर भी उनके लाभों को देखते हुए उन्हें संविधान, समाज में आज भी स्थान मिला हुआ है। यही बात राजद्रोह कानून के लिए भी सत्य है। वैश्विक पटल पर भारत की उज्ज्वलित होती छवि पड़ोसी देशों चीन, पाकिस्तान की चिंताओं को बढ़ा रही है। भारत के सीमावर्ती दोनों देश हमें कमजोर करने के लिए अलगाववादी और आतंकवादी ताकतों को पोषित कर रहे हैं। पड़ोसी देशों से सहायता प्राप्त करने वाली इन राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के दमन के लिए राजद्रोह कानून का होना जरूरी है।

हालांकि कुछ लोगों के तर्क ये भी हैं कि देश में अलगाववादी और आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए यूएपीए अधिनियम व राष्ट्रीय सुरक्षा कानून हैं। ऐसे में राजद्रोह कानून की क्या आवश्यकता है? हमें नहीं भूलना चाहिए कि अलगाववाद और आतंकवाद का जन्मदाता कहीं न कहीं राजद्रोह है। राजद्रोह कानून को समय पर लागू होने से ऐसी घटनाओं को घटने से पहले रोका जा सकता है। देश की अखंडता, एकता के साथ उसकी आंतरिक और बाह्य सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सकता है। हालांकि यहां यह भी ध्यान देना जरूरी है कि राजद्रोह कानून की प्रासंगिकता के तमाम तर्कों के बावजूद भी देश के एक बड़े वर्ग में इस कानून को लेकर विरोध का भाव है। वे कहते हैं कि इस कानून को हटा देना चाहिए, नहीं तो यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए खतरा बन सकता है।

उनका कहना है कि राजद्रोह कानून संविधान संगत नहीं है। यह भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों का हनन करता है। संविधान अभिव्यक्ति की स्वंतत्रता का अधिकार देता है, जो हर भारतीय का मौलिक अधिकार है। यह कानून सरकार को तानाशाह बना सकता है। भारतीय संविधान जो कहीं न कहीं गांधीवाद को धारण किए है तो राजद्रोह कानून गांधीवाद के राइट टू डिसेंट यानी मतभेद के अधिकार को पूर्णतः खारिज करता है। बहरहाल देखना होगा कि आगामी 20 जुलाई से शुरू हो रहे

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर




वैदेही-दिशा डॉटर पंकज, बोरसद, गुजरात

### हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद्
अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 05/07/2023**

**सूर्योदय** : 05:42 **सूर्यास्त** : 19:20 **चन्द्रोदय** : 21:32 **चन्द्रास्त** : 07:18 **शक सम्वत** : 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना** : ज्येष्ठ **पूर्णिमांत** : आषाढ़ा **सूर्य राशि** : मिथुन **चन्द्र राशि** : मकर **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : द्वितिया, 10:03 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1945 शोभकृत **विक्रम सम्वत** : 2080 नल **चन्द्रमास श्रावण** : पूर्णिमान्त **आषाढ़** : अमान्त **गुजराती सम्वत** : 2079 आनन्द

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : श्रावण, 26:49 तक
**योग** : वैधृति, 07:39 तक
**प्रथम करण** : गारा, 10:03 तक
**द्वितिय करण** : वणिजा, 20:16 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:02 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:22 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:39 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:04 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:18 पी एम से |
| अमृत काल | 09:06 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:00 ए एम, जून 9 से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | 04:31 ए एम, जून 9 से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : शुक्र
कुंभी चक्र: दक्षिण

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | : 05:41 - 07:23 | उद्वेग | : 07:19 - 08:37 |
| अमृत | : 07:23 - 09:05 | शुभ | : 08:37 - 09:55 |
| काल काल वेला | : 09:05 - 10:48 | अमृत | : 09:55 - 11:13 |
| शुभ | : 10:48 - 12:30 | चर | : 11:13 - 12:30 |
| रोग वार वेला | : 12:30 - 02:12 | रोग | : 12:30 - 01:48 |
| उद्वेग | : 02:12 - 03:55 | काल | : 01:48 - 03:06 |
| चर | : 03:55 - 05:37 | लाभ | : 03:06 - 04:23 |
| लाभ | : 05:37 - 07:19 | उद्वेग | : 04:23 - 05:41 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज द्वितीया

### आज कौन सा कार्य करें

द्वितीया को राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट** : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

श्रावण, शुक्ल, द्वितीया, 2080 बुधवार, 5 जुलाई - 11 जुलाई, 2023

**मेष** [ चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ
**आत्मविश्वास** कमजोर हो सकता है। दूसरों की सलाह के बजाय अपने विवेक के आधार पर ही निर्णय लें। बड़े खर्चों को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। उच्च अधिकारियों के साथ बहसबाजी हो सकती है।

**तुला** [ रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते
व्यापार को लेकर बड़ी डील कर सकते हैं। आप नये तरीके से काम करने की कोशिश करेंगे। परिस्थितियाँ आपके नियन्त्रण में रहेंगी। किसी फोन कॉल को नजरअंदाज न करें।

**वृषभ** [ ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो
परिजनों की जरूरतों को पूर्ण करने का प्रयास करें। सन्तान के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। पूर्व नियोजित कार्यों में अवरोध आ सकता है। मनोनुकूल काम न होने से मन व्यथित हो जाता है।

**वृश्चिक** [ तो,ना,नी, नू,या,यी,यू
आपके ऊपर काम का काफी दबाव रहेगा। आज खानपान पर काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। परिवार को लेकर परेशानी हो सकती है। नये सम्बन्धों को लेकर थोड़े सावधान रहें।

**मिथुन** [ क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह
आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

**धनु** [ ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे
आज का दिन काफी खर्चीला रहने वाला है। आपके ऊपर काम का दबाव रहेगा। फाइनेंस से जुड़े कड़े निर्णय ले सकते हैं। आप नये कारोबार की योजना बनायेंगे। धार्मिक कार्यों को महत्व देंगे।

**कर्क** [ हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो
दाम्पत्य जीवन का आनन्द उठायेंगे। समाज में आपको प्रशंसा मिलेगी। नये सम्बन्धों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। पारिवारिक जिम्मेदारियों का निष्ठा से पालन करेंगे।

**मकर** [ भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,
कार्यक्षेत्र में लापरवाही के कारण नुकसान हो सकता है। अपनी दिनचर्या को दूसरों के अधीन न होने दें। जीवनसाथी के प्रति अपना भाव अच्छा रखें। आपको सन्तान पर धन खर्च करना पड़ेगा।

**सिंह** [ मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे
परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। थोड़ी सी लापरवाही भारी हो सकती है। भावुक होकर अपना नुकसान करवा सकते हैं। धन को लेकर तनाव दूर होगा। रिश्तों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**कुंभ** [ गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा
**जॉब** में आपके अधिकार बढ़ेंगे। आपको किसी बड़े संस्थान से नौकरी के ऑफर मिलने की सम्भावना है। व्यवसाय में आपको अपेक्षानुकूल बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। ऑफिस का जरूरी प्रोजेक्ट पूर्ण हो सकता है।

**कन्या** [ टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो
विरोधी पक्ष से सावधान रहें। किसी अनुचित कार्य में आप रुचि ले सकते हैं। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर बेहद चिन्तित रहेंगे।

**मीन** [ दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि
आपकी सामाजिक छवि को लोग बिगाड़ने का प्रयास करेंगे। परिवार में किसी मुद्दे को लेकर असहमति हो सकती है।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

**पुलिस अकादमी में सेल्फ डिफेंस टेक्निक्स फॉर वुमन की शुरुआत**

# बालिकाओं को सिखाएंगे आत्मरक्षा की तकनीक

**प्रदेश की स्कूलों में नए सत्र में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा कार्यक्रम**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश की सरकारी विद्यालयों में बालिकाओं को नए शैक्षणिक सत्र में आत्मरक्षा के लिए रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा कार्यक्रम के तहत विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक श्रुति भारद्वाज ने स्कूल शिक्षा विभाग और राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत महिला फिजिकल टीचर्स (पीटीआई) के लिए 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कोर्स शुरू किया। ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर सेल्फ डिफेंस टेक्निक्स फॉर वुमन कोर्स का सोमवार को शास्त्री नगर में राजस्थान पुलिस अकादमी में शुरू किया गया। इस अवसर पर भारद्वाज ने कहा कि आत्मरक्षा सिर्फ हमारा अधिकार नहीं है बल्कि यह हमारा कर्तव्य भी है, जिसे हमें किसी भी परिस्थिति में निभाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत अब तक प्रदेश में 20 लाख से अधिक बालिकाओं को लाभान्वित किया गया है। राज्य स्तर पर इस विशेष ट्रेनिंग में जिलों से शामिल महिला ट्रेनर्स को आत्मरक्षा की बारीकियां सिखाई जाएगी, इसके बाद वे आगे चलकर राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाएंगी। इसके साथ ही इस वुमन पीटीआई को महिला अधिकारों और कानूनों की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी, ताकि वे बालिकाओं को अपने अधिकारों और कानून के प्रति जागरूक कर सकें। प्रशिक्षण के उद्घाटन कार्यक्रम में राजस्थान पुलिस अकादमी के सहायक निदेशक प्रदीप मोहन शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीणा एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




**10वीं एवं 12वीं के छात्र जीनियस स्टूडेंट अवॉर्ड से सम्मानित**

# मैडल पाकर खिल-खिला उठे विद्यार्थी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**जयपुर।** जागरूक जनता की ओर से जीनियस स्टूडेंट अवॉर्ड 2023 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मुरलीपुरा स्कीम स्थित संत मेहरदास ट्रस्ट मंदिर श्रीपूज्य सिंधी पंचायत मंदिर के सभा भवन में आयोजित कार्यक्रम में 101 छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जागरूक जनता के सम्पादक ज्ञानेन्द्र मिश्रा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि हाथोज धाम महाराजश्री बालमुकुन्द आचार्य एवं विशिष्ट अतिथि रायड़ा के अध्यक्ष पुरुषोत्तम खंडेलवाल रहे। सम्मान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के परिजन भी बड़े उत्साह के साथ अपने बच्चों की खुशी में शामिल होने के लिए कार्यक्रम में पहुंचे। प्रबंध सम्पादक चेतेन्द्र मिश्रा ने बताया कि अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का उत्साहवर्धन होना चाहिए और इसी को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों को प्रशंसा पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में श्री पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा के अध्यक्ष लोकचंद हरिरामानी, भारत विकास परिषद अम्बाबाड़ी के संयोजक अध्यक्ष उद्योगपति जनसेवक प्रदीप शर्मा, कबाड़ी एसोसिएशन के अध्यक्ष छबलदास नवलानी, जनसेवक नगेन्द्र वशिष्ठ, भवानीसिंह राठौड़, मोहनलाल नामदेव, बाबूलाल, सरस्वती स्कूल के निदेशक संतोष शर्मा के अलावा भूपेन्द्र तंवर, विक्रम सिंह, दिनेश सैन, शैलेन्द्र त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में छात्रों के परिजन शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में जागरूक जनता के मुख्य सम्पादक शिवदयाल मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन अनिल शर्मा ने किया। अंत में लंच व्यवस्था की गई।

**माता-पिता के करें चरण स्पर्श**

हाथोज धाम महाराजश्री बालमुकुन्द आचार्य ने कहा कि बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ सनातन धर्म की भी शिक्षा लेनी चाहिए। बच्चों को सुबह माता-पिता का चरण स्पर्श करना चाहिए। उन्होंने संस्कृति से जुड़े कार्यों को करने की बात बच्चों से कही। साथ ही कहा कि आज दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत के बच्चे इतने टेलेंटेड है कि दुनिया उन्हें अपने यहां एडोब कर रही है।

## इंडो इंटरनेशनल अचीवमेंट अवार्ड से सिद्धी सम्मानित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जोधपुर।** ऐक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 70 हस्तियों को जयपुर मैरीयट होटेल में सम्मानित किया गया। मौक़ा था इंडो इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड 2023 का। जोधपुर से मिसज़ इंडिया एवं महिला सशक्तिकरण की ब्रांड ऐम्बैसडर सिद्धि जौहरी को विमन एमपोवेरमेंट एवं रोल मॉडल की कैटेगॉरी में अवार्ड से नवाज़ा गया। कार्यक्रम के दौरान शहर के दिग्गज लोग एवं फ़ैशन, एजुकेशन, बिज़नस, महिला सशक्तिकरण, आर्ट एंड कल्चर मेडिकल जैसे कैटिगरी से लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में फ़ैशन सीक्वेंस भी आयोजित की गयी और साथ ही में कॉमडी नाइट विद कपिल फ़ेम ऐंकर विकल्प मेहता ने भी सभी दर्शकों को खूब गुदगुदाया। शिल्पा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि जयपुर और उसकी रॉयल्टी वह कल्चर उनके लिए बहुत स्पेशल है। कार्यक्रम में गोल्डन बोयज ने भी शिरकत की।

## गुरु पूर्णिमा पर आर्ट ऑफ लिविंग का भव्य आयोजन



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग स्वयंसेवकों द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग के श्री श्री रविशंकर आश्रम, प्रताप नगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सांय 4:30 बजे हैप्पीनेस प्रोग्राम किए हुए साधकों के लिए सुदर्शन क्रिया फॉलो अप सेशन हुआ। जिसमे करीब 350भक्तों ने भाग लिया। तत्पश्चात सांय 6:30 बजे सामूहिक रुद्र पूजा का आयोजन किया गया जिसे स्वामी विश्वेश्वरा जी एवं बैंगलोर आश्रम से आए वैदिक पंडितों के द्वारा पूजा संपन्न की गई। सांय 7:30 बजे से सप्रसिद्ध भजन गायक सौरभ शेखावत एवं टीम ने अपने मधुर भजनों से सारे वातावरण को गुरु भक्तिमय कर दिया। जिसमे करीब 1500 भक्तो ने आनंद उठाया। कार्यक्रम का समापन सभी भक्तों के लिए भोजन प्रसादी से हुआ।

# बेजुबान परिंदो की सुरक्षा के लिए लगाए घोंसले

**सिवाना @ जागरूक जनता।** कस्बे के गांधी चौक स्थित मानव सेवा संस्था के कार्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश सिंह राजपुरोहित घाणा व जिला प्रभारी किशोर कुमार सांखला के नेतृत्व में गौरेया बचाओ अभियान के तहत् बेजुबान पक्षियों की सुरक्षा के लिए प्रथम चरण में लोगों को प्लाई से निर्मित 51 बर्ड हाउस का वितरण किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश सिंह राजपुरोहित घाणा ने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए पक्षियों का जिंदा रहना जरूरी है। गौरेया चिड़ियां जैसी प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर है अगर ऐसा ही रहा तो यह आवाज जल्द सुननी बंद हो जाएगी। राजपुरोहित ने लोगो से अपील की हैं कि कोई भी शादी समारोह या जन्मदिन कार्यक्रम में उनको उपहार स्वरूप घोंसला दे।



जिला प्रभारी किशोर कुमार सांखला ने बताया कि संस्था द्वारा गौरेया बचाओ अभियान के तहत क्षेत्र में घोंसले वितरण कर रहे हैं। बेजुबान पक्षियों की सुरक्षा के लिए शुरू की गई इस मुहिम से लोग लगातार जुड़ रहे है।

**यह है टीम में शामिल**

कैलाश सिंह राजपुरोहित घाणा,शांतिदेवी विश्नोई, मुकेश लंगेरा, किशोर कुमार सांखला, गणपत चौधरी, राजकुमार सोढ़ा लुदराडा, सुरेश राजगुरु,गौतम सिंह गुड़ानाल, नारू बोराणा, नकुल कुमार, राजेंद्र कुमार, मोहन सिंह राजपुरोहित, ओमप्रकाश प्रजापत, पोलाराम चौधरी, प्रवीण चौधरी, चुन्नीलाल आदी।

**यह रहे मौजूद**

जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापत, शुभम सोनी, गणपत सिंह राजपुरोहित, तरूण सुंदेशा, रणजीत माली मौजूद थे।

**मानव** सेवा संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों एवं वर्गों, रोगियों, छात्रों,श्रमिकों, वेतनभोगी कामगारों आदि कि शिक्षा, औषधि, भोजन, पुस्तक, वस्त्र एवं अन्यआवश्यकताओं को गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए, निःशुल्क अथवा न्यूनतम सम्भव मूल्य पर उपलब्ध कराना हैं।
**कैलाश सिंह राजपुरोहित**, घाणा, प्रदेश उपाध्यक्ष. मानव सेवा संस्था,राजस्थान

## आईआईएस यूनिवर्सिटी की दो स्टूडेंट रिपोर्टर नियुक्त



**जयपुर @ जागरूक जनता।** हाल में पत्रकारिता और जनसंचार विभाग, आईआईएस यूनिवर्सिटी (डीम्ड टू बी) की तरफ से हुए एक कैंपस ड्राइव के दौरान पत्रकारिता और जनसंचार डिपार्टमेंट की अंतिम वर्ष की दो छात्रा जानवी पारीक और निशु शर्मा न्यूज 18 में रिपोर्टर नियुक्त हुई हैं। इसके अलावा विभाग के तीन छात्रों को हाल में एपीआरओ के रूप में भी चुना गया था। विभाग ने पिछले शैक्षणिक सत्र में सह-शिक्षा में डिजिटल मीडिया और संचार में एमए का एक नया पाठ्यक्रम भी शुरू किया है, जो राज्य में अपनी तरह का अनूठा है।

## उल्लेखनीय पत्रकारिता के लिए चन्द्रा हुए सम्मानित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सबरंग संस्था की ओर से पिंकसिटी प्रेस क्लब सभागार में कलाकारों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्र मों के बीच पत्रकार एवं कलाकार सम्मान समारोह-2023 हुआ। इस मौके पर सीनियर जर्नलिस्ट पूनम चन्द्रा को पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए नवाजा गया। संस्था सचिव पं.राजेन्द्र राव ने बताया कि कलाकारों में पं.रमेश मेवाल, राजेन्द्र जड़ेजा, रेनु शर्मा, वेदांत शर्मा, पं.भंवरलाल राव, डॉ.सुरभि शर्मा समेत एक्टर समर्थ शांडिल्य और पब्लिक रिलेशन ऑफिसर कमल जोशी को भी सम्मानित किया गया। इससे पहले सबरंग समारोह की शुरुआत गुरु वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति से हुई। पं.राजेंद्र राव के नृत्य निर्देशन में युवा नृत्यांगना नविका सिंह, अदिति, आध्या जैन ने बेहतरीन आंगिक भाव, मुद्राओं व आकर्षक फुटवर्क का उम्दा संयोजन दर्शाकर जयपुर घराने के शुद्ध पारंपरिक कथक नृत्य की लालित्यपूर्ण प्रस्तुति दी। अंत में संस्था अध्यक्ष अनिल तिवारी ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

## निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जाँच शिविर सम्पन्न




**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्रीमति स्वातिदेवी चैरिटेबल ट्रस्ट व शैल्बी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस परामर्श एवं जाँच शिविर में विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क स्वास्थय जाँच परामर्श दिया गया। ब्लड प्रेशर, ई.सी.जी व बी एम डी (हड्डियां व कैल्शियम की जांच) की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुनीता चौधरी, वरिष्ठ एम डी फिजीशियन डॉ. निरंजन सिंह, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.अनुराग सिहाग एवं जोड़ प्रत्यारोपण व लिंगामेंट विशेषज्ञ डॉ.अमित मीणा ने अपनी सेवाएं दीं। श्रीमति स्वाति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक निशांत टंडन ने उपस्थित पत्रकारों के समूह को संबोधित करते हुए देवेंद्र मोहन माथुर जज, कंज्यूमर कोर्ट 3 ने बताया कि उन्होंने स्वयं शिविर में उपस्थित रहकर व्यवस्था का जायज़ा लिया और उन्होंने इस प्रयास की प्रशंसा की। शिविर में कुल 112 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## टीम 10 ने पौधारोपण किया



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित मन्दिर मोड़ सर्किल पर ग्रेटर नगर निगम के वार्ड 24 क्षेत्र में पौधारोपण कार्य किया गया। बरसात के दौरान अनेक क्षेत्रों में टीम टेन द्वारा पौधारोपण किया जाता है। इसी कड़ी में सुशील अग्रवाल के नेतृत्व में टीम 10 ने मन्दिर मोड़ पर पौधारोपण किया। इस टीम में वार्ड 24 की पार्षद रूपकंवर के पति जनसेवक हरिओम सिंह भी शामिल रहे। टीम 10 गर्मियों के दिनों में भी पेड़ों की देखभाल करती है और पेड़ों में पानी देना और अनावश्यक उगे घास को उखाड़ने का काम करती रहती है। उल्लेखनीय है कि मन्दिर मोड़ पर लगे सघन वृक्षों को उखाड़कर थड़ी-ठेले वालों ने कब्जा कर रखा था उसे भी गैस पाइप डालने के दौरान हटा दिया गया, जिससे सर्किल की सुन्दरता भी बढ़ी है। हालांकि सर्किल पर शराब की दुकानें और शाम के समय आवारा किस्म के लोगों से आने-जाने वाले लोगों एवं महिलाओं को निकलने में बड़ी परेशानी का सामना करना पडता है।

# NCP के लिए पवारों में वॉर

## दोनों गुटों ने एक-दूसरे के नेताओं को पद से हटाया | शरद पवार ने प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे को निकाला | अजित गुट ने जयंत को हटा तटकरे को प्रदेश सौंपा


जागरूक जनता
jagrukjanta.net


**मुंबई:** NCP पर कब्जे के लिए पवारों में सोमवार को सियासी घमासान शुरू हो गया। एक तरफ शरद पवार ने अपनी सांसद बेटी और पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले की सिफारिश पर पार्टी के दो सांसदों- प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे को पार्टी से निकालने की घोषणा कर दी। वहीं, अलग फैसला लेते हुए प्रफुल्ल पटेल और अजित पवार ने शरद पवार की तरफ से नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील की जगह पर सांसद सुनील तटकरे को प्रदेश अध्यक्ष घोषित कर दिया। अजित पवार को NCP विधायक दल का नेता और अनिल पाटील को पार्टी का चीफ विप घोषित कर दिया। जबकि शरद पवार ने रविवार रात को ही विधायक जितेंद्र आव्हाड को चीफ विप बनाया था। NCP के अजित पवार गुट की तरफ से पार्टी की सभी शाखाओं पर कब्जे के लिए भी तेजी से कदम उठाते हुए शरद पवार की ओर से नियुक्त लोगों की जगह नई नियुक्तियां घोषित की गई हैं। अजित ने कहा, 'पार्टी का चुनाव चिह्न भी हमारे पास है। हम जो भी कर रहे हैं वह पार्टी के हित में है। हम पार्टी को और मजबूत करेंगे।' जब पत्रकारों ने पूछा कि अब पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन है, अजित ने जवाब दिया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ही हैं। पवार ने भी नरम रुख दिखाते हुए कहा, 'अजित पवार अजनबी नहीं हैं, लेकिन मतभेद हो सकते हैं।' ▸▸पेज 9



अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल और छगन भुजबल ने सोमवार को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से राज्य में विभागों के बंटवारे पर चर्चा की। अजित ने यह भी कहा कि शरद पवार ही NCP अध्यक्ष हैं।

> "अजित पवार ने यह कहकर भ्रम फैलाने की कोशिश की है कि उनके फैसले को मेरा आशीर्वाद है।
> -शरद पवार



### फडणवीस से मिले अजित, शिंदे बोले, कैबिनेट विस्तार जल्द

महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के एक दिन बाद डिप्टी सीएम अजित पवार और राज्य के मंत्री छगन भुजबल सोमवार को विभागों के बंटवारे पर चर्चा करने के लिए डिप्टी CM देवेंद्र फडणवीस से मिले। अजित पहले जल संसाधन विभाग, बिजली और वित्त विभाग का प्रभार संभाल चुके हैं। अभी ये विभाग फडणवीस के पास हैं। वहीं, सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा, 'राज्य कैबिनेट का विस्तार जल्द किया जाएगा।'

### 24 घंटे में ही लौटने लगे जो शरद का साथ छोड़कर गए

NCP के लोकसभा सदस्य अमोल कोल्हे 24 घंटे के भीतर सोमवार को शरद पवार के खेमे में लौट आए। एक दिन पहले वह अजित पवार के साथ राजभवन में मौजूद थे। कोल्हे ने ट्वीट किया, 'कभी-कभी दिमाग गलती करता है, लेकिन दिल कभी नहीं।' जीतेंद्र आव्हाड ने रीट्वीट करते हुए कहा, 'एक योद्धा शिविर में लौट आया।' दूसरी तरफ, शरद पवार का समर्थन करने के लिए कई पार्टी कार्यकर्ता मुंबई में पार्टी दफ्तर पहुंचे।

### पवार ने दिखाई ताकत, बोले- 3 महीने में पूरी पिक्चर बदलेगी

गुरु पूर्णिमा पर सोमवार को शरद पवार अपने राजनीतिक गुरु यशवंत राव चव्हाण की समाधि पर पहुंचे। उन्होंने यहां से राज्य में अपना शक्तिप्रदर्शन अभियान शुरू किया। शरद ने कहा, 'तीन महीने के अंदर महाराष्ट्र की पूरी पिक्चर बदल जाएगी। NCP को खत्म करने की साजिश रची जा रही है, लेकिन ऐसा होगा नहीं। बीजेपी समुदायों-धर्मों के बीच कलह पैदा करने की कोशिश कर रही है।'

# ज़मीन के बदले नौकरी के केस में लालू, राबड़ी, तेजस्वी पर CBI चार्जशीट




जागरूक जनता
jagrukjanta.net


**सीबीआई ने** नौकरी के बदले जमीन लेने से जुड़े कथित घोटाले के मामले में बिहार के डिप्टी CM तेजस्वी यादव, RJD चीफ लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि मामले में यह दूसरी चार्जशीट है और इसमें 14 दूसरे लोगों के भी नाम शामिल हैं। पहली चार्जशीट के बाद सामने आए दस्तावेजों और सबूतों के आधार पर यह चार्जशीट दाखिल की गई है।

अधिकारियों ने कहा कि लालू परिवार के सदस्यों के अलावा, सीबीआई ने मामले में एके इन्फोसिस्टम्स और कई बिचौलियों को भी नामजद किया है। चार्जशीट विशेष सीबीआई अदालत में दाखिल की गई है। अधिकारियों ने कहा कि दूसरी चार्जशीट इसलिए दाखिल की गई, क्योंकि प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल होने तक आरोपियों की कथित भूमिका के संबंध में जांच पूरी नहीं हो सकी थी। CBI का आरोप है कि 2004-2009 में UPA सरकार में लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहने के दौरान बिना किसी विज्ञापन या सार्वजनिक सूचना के नियमों का उल्लंघन कर पसंदीदा लोगों को रेलवे में नियुक्त किया गया। एजेंसी के मुताबिक, रेलवे में नौकरी के बदले में लोगों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों को बाजार भाव से काफी कम दरों पर जमीन बेची थी।

### 17-18 को बेंगलुरु में होगी विपक्ष की बैठक

विस, नई दिल्ली : महाराष्ट्र में मचे सियासी घमासान के बीच विपक्षी एकता के लिए कोशिशें जारी हैं। विपक्षी दलों की बैठक मानसून सत्र से ऐन पहले 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में होगी। पहले यह बैठक 13-14 जुलाई को होनी थी, लेकिन माना जा रहा है कि महाराष्ट्र प्रकरण के बीच इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए बैठक की डेट की जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस की ओर से 'आप' समेत सभी विपक्षी दलों को न्यौता भेजा जा रहा है।

# दिल्ली सरकार बोली, रैपिड रेल के लिए फंड नहीं, कोर्ट ने ऐड खर्च का हिसाब मांगा


जागरूक जनता
jagrukjanta.net


**सुप्रीम कोर्ट** ने सोमवार को दिल्ली सरकार से सवाल किया कि आपके पास विज्ञापन के लिए फंड है, लेकिन प्रोजेक्ट के लिए नहीं हैं? सुप्रीम कोर्ट ने पिछले तीन साल में विज्ञापन पर हुए खर्च का ब्योरा भी मांगा है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि दिल्ली सरकार रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) प्रोजेक्ट में अपने हिस्से की मदद नहीं कर रही है। दिल्ली सरकार के वकील ने इसका कारण फंड की कमी बताया। इस पर जस्टिस एस. के. कौल की अगुवाई वाली बेंच ने दिल्ली सरकार को हलफनामा पेश कर दो हफ्ते में बताने को कहा कि उसने पिछले तीन साल में विज्ञापन पर कितना खर्च किया है। जस्टिस कौल ने कहा कि अगर जरूरी हुआ तो हम यह आदेश पारित कर सकते हैं कि विज्ञापन पर होने वाले खर्च को प्रोजेक्ट फंड के लिए डायवर्ट किया जाए। क्या आप ऐसा आदेश चाहते हैं?

FILE



### LG ने 400 'स्पेशलिस्ट' को पद से हटाया

दिल्ली सरकार के 23 प्रमुख विभागों में स्पेशलिस्ट यानी विशेषज्ञ के तौर पर काम करने के लिए हायर किए 400 से ज्यादा प्राइवेट लोगों को नौकरी से हटा दिया गया है। दिल्ली सरकार के सर्विसेज विभाग ने इन्हें हटाने की सफारिश LG से की थी। LG ऑफिस सूत्रों का कहना है कि इनकी नियुक्ति में कमियां पाई गई थीं। (विस)

## सिसोदिया को हाई कोर्ट से बेल नहीं

**नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया पर काफी गंभीर आरोप हैं। अदालत ने कहा कि इस मामले को अलग दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए, क्योंकि इसमें पब्लिक फंड के भारी नुकसान से जुड़ी गहरी साजिश का आरोप लगाया गया है।

## हरियाणा में कुंवारों को भी पेंशन

**करनाल @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को ऐलान किया कि प्रदेश में 45 से 60 साल के 1.25 लाख कुंवारों को पेंशन दी जाएगी। सरकार की इस योजना का फायदा 45 से 60 साल तक के वैसे अविवाहित पुरुषों और महिलाओं को मिलेगा, जिनकी सालाना इनकम 1.80 लाख से कम होगी। सूत्रों के मुताबिक, 2,750 रुपये सालाना पेंशन मिल सकती है। ऐसा करने वाला हरियाणा पहला राज्य हो सकता है।

**45 से 60 साल के लोगों को मिलेगा इसका लाभ**

# PM का मंत्रियों को निर्देश, 2024 तक कोई भी प्रोजेक्ट लेट ना होने पाए


जागरूक जनता
jagrukjanta.net


**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी मंत्रियों को गवर्नेंस को लेकर युद्धस्तर पर जुट जाने को कहा है। मंत्रिपरिषद की बैठक में मोदी ने कहा कि 2024 तक देश में एक भी प्रोजेक्ट लेट ना हो। सियासी नफा-नुकसान या चुनाव की चिंता न करें। लक्ष्य अगले 25 साल का होना चाहिए जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे। मंत्रिपरिषद और बीजेपी संगठन में फेरबदल के संकेतों के बीच बैठक हुई।



## हुडा सिटी स्टेशन का नाम बदला

**गुड़गाँव @ जागरूक जनता।** DMRC ने येलो लाइन के हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के नाम में बदलाव किया है। अब इसे 'मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम' के नाम से जाना जाएगा। इस मेट्रो स्टेशन से जुड़े सभी अधिकारिक दस्तावेज, साइनेज, अनाउंसमेंट को बदलने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। पहले कहा गया था कि नाम गुरुग्राम सिटी सेंटर होगा, लेकिन DMRC ने दो घंटे बाद ही किए गए ट्वीट डिलीट कर दिए।




## धर्म की डुबकी, आस्था का सैलाब



जागरूक जनता @ गुरु पूर्णिमा पर हरिद्वार में हर की पौड़ी पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। साथ ही कावड़ यात्रा भी शुरू हो गई हे।

# आर्टिकल-370 हटाने के खिलाफ दी अर्ज़ी 11 को सुनेगी पांच जजों की बेंच


जागरूक जनता
jagrukjanta.net


**आर्टिकल-370** के तहत जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को खत्म किए जाने के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट 11 जुलाई को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच जजों की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस एस. के. कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बी. आर. गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल हैं। यह मामला 2019 से लंबित है। 2 मार्च 2020 को अपने अहम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मामले की सुनवाई पांच जजों की संवैधानिक बेंच करेगी।



सुप्रीम कोर्ट में पेपरलेस, वाईफाई वाले हाइटेक रूम की शुरुआत हो गई।

### मणिपुर हिंसा पर SC ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट

विस, नई दिल्ली : मणिपुर में जारी हिंसा के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपडेटेट स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने राज्य सरकार को पुनर्वास तय करने और कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी वाली रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

# क्या हम ऐसा कर सकते है?-अवश्य सोचें

**प्रेरक प्रसंग**

**यह** एक सत्य घटना है जो साधारण मनुष्य की संस्कारों के प्रति दृढ़ता दर्शाती है। घटना सन् 1997 की है। उस समय मैं आयकर विभाग पटियाला में सहायक कमिश्नर था, और कार्यालय से सटी आयकर कॉलोनी में रहता था। कॉलोनी में एक कर्मचारी था जो कार्यालय समय के बाद कपड़ों पर प्रेस भी करता था। हम भी अपने कपड़े उसी से प्रेस करवाते थे। एक बार वह 1 माह की छुट्टी पर चला गया। तब मेरा चपरासी नजदीकी प्रेस वाले की दुकान पर उसको कपड़े प्रेस करने के लिए दे आता था, और अगले दिन ले आता था। एक दिन सुबह उसने कार्यालय में मुझसे कहा श्रीमान जी मुझे प्रेस वाले ने कपड़े देने से मना कर दिया। उसने कहा "आप साहब को भेजो मैं कपड़े उन्हें ही दूंगा।" पहले तो मुझे उसका कथन विचित्र लगा पर उसी क्षण मेरे मस्तिष्क में यह विचार आया कि वैसे भी हम भ्रमण करते ही है फिर उसके पास जाने में दिक्कत कैसी? कार्यालय समय के बाद मैं उसकी दुकान गया। दुकान वाला 22-23 साल का नवयुवक था। मैंने बुलाने का कारण पूछा तो उसने मुझे 3000रू. पकड़ा दिये। कहने लगा बाउजी यह आपकी पेंट की जेब से निकले, तो उसी वक्त मुझे याद आया कि जब मैं लखनऊ ट्रेनिंग में गया था तब पेंट के अन्दर की जेब में रुपये रख लेता था। मैं जितने दिन वहां रहा जब-जब पेंट बदलता तब उन रुपयों को भी उसमें बदल देता। पर वापस घर आने के बाद मुझे उन रूपयों का स्मरण नहीं रहा । बच्चों ने कपड़े वैसे ही धो दिये। क्योंकि घर में बच्चे ही कपड़े धोते थे। पत्नी का 1995 में देहांत हो गया था। बाद में शायद यह 3000रू. वाली बात मुझे याद आ जाती पर उस पर संदेह करने का कोई प्रश्न ही पैदा नहीं होता। मैंने सोचा कहीं यात्रा में गिर गये होंगे। मैंने धोबी की सत्यनिष्ठा, कर्तृतव्य निष्ठा और ईमानदारी से प्रभावित होकर 500रू. ईनाम स्वरूप उसे देने का प्रयास किया। लेकिन उसने लेने से मना कर दिया। उसी समय मेरे मस्तिष्क में एक कहानी उभर आयी। जो कई वर्ष पहले पढ़ी थी।

एक सेठ जी अपने व्यापार के सिलसिले में किसी शहर में जाते है। वहां से अपने ग्राहकों से उधारी वसूल करने के लिए एक रिक्शा किराये पर लेते हैं। उसके बाद अपने सभी नियमित ग्राहकों से उधारी वसूल कर लेते है । उसके बाद उन्हें लगता है कि वापस जाने की गाड़ी में अभी समय है इसलिए उन्होंने अपने मित्र के पास ही जाने और वहीं भोजन करने की सोची। उनके मित्र का घर एक तंग गली में था, जहां रिक्शा नहीं जा सकता। अत: वे गली के नुक्कड़ पर उतर जाते हैं। वहां से मित्र के घर पहुँच कर बातचीत करते हैं। खाना खाते है । जब जाने का विचार बनाते हैं तो देखते हैं कि बेग जिसमें उन्होंने उधारी वसूली वह नहीं दिखता है। यह सोचकर कि किसी ग्राहक के वहां भूल गया होऊंगा। जिससे अंतिम संपर्क किया वहां पहुंचे तो उसने बताया कि सेठ जी थैला तो आप लेकर चले गये। यहां तो नहीं हैं। यह सुनते ही उनके जहन में विचार आया कि शायद मैं उस रिक्शे में थैला भूल गया हूं। उन्होंने स्टेशन जाकर उस रिक्शावाले को ढूंढना का मन बनाया। कुछ समय में वह रिक्शा वाला संयोगवश स्टेशन पर मिल गया। उन्होंने उसे पहचान लिया और उससे पूछा मैं आपकी रिक्शा में गया था क्या मेरा बेग आपकी रिक्शा में रह गया है? उसने उत्तर दिया। सेठ जी आपका बेग मेरे पास ही है वह मेरे घर पड़ा है । आप मेरे साथ चलो मैं आपको बेग देता हूँ। सेठ जी उसके साथ चल देते हैं। रिक्शावाला घर पहुँच उन्हें कहता है -सेठ जी जांच कर लीजिए कि आपके पैसे पूरे हैं या नहीं? सेठ जी ने बेग खोला और जांच की तो उन्होंने पाया कि पैसे 2 लाख से ऊपर ही थे जितनी उन्होंने वसूली की थी। उन्होंने रिक्शावाले की ईमानदारी से खुश होकर उसे 2 हजार रू. देने चाहे, पर रिक्शा वाले ने स्पष्ट मना कर दिया। उसने एक बात कही- सेठ जी आपने मेरी ईमानदारी की कीमत अच्छी लगायी। यदि मैं बेईमान होता तो मुझे 2 लाख रू. मिल जाते अर्थात यह मेरी बेईमानी की कीमत होती और आप मुझे राशि लौटाने के बदले 2 हजार रु. ईनाम देकर मेरी ईमानदारी की कीमत 2 हजार लगा रहे है। उसके बाद कहानीकार ने कहानी यही बंद कर दी। उसने पाठक पर छोड़ दिया कि उसकी बात में कितना अर्थ है?

यह कहानी याद आते ही मैंने सोचा कि मैं भी वही कर रहा हूं जो सेठजी कर रहे थे। मुझे इसकी ईमानदारी की कीमत बेईमानी से ज्यादा रखनी चाहिए। तो मैंने 3000रू. जो उसने वापस दिये थे, उसमें 500रू. मिलाकर उसे 3500रू. पुरस्कार स्वरूप देने चाहे। पर उसने 3500रू. लेने से भी इनकार कर दिया। उसने कहा बाऊजी मेरा सिद्धांत यह है कि मैं तो सिर्फ अपने परिश्रम की रोटी खाऊंगा।

आज के युग में एक साधारण आदमी की इतनी सिद्धांतों के प्रति निष्ठा नमन एवं प्रेरणा योग्य है उसके माता-पिता और परिवार को भी इसका श्रेय जाता है । उन्होंने ऐसे संस्कार गरीब होते हुए भी अपनी संतान को दिये। यह घटना हम सब के लिए प्रेरणादायी है, और ईमानदारी का संदेश देती है। आईये हम भी उनके इन संस्कारों का अनुसरण करें।

- एस.एस गोयल
अतिरिक्त कमिश्नर (सेवानिवृत)

## चार साल के UG कोर्स की तैयारियां

**जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** दिल्ली यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, जम्मू यूनिवर्सिटी समेत देश के 105 उच्च शिक्षा संस्थानों में नए सेशन से चार साल का अंडरग्रैजुएट (UG) कोर्स शुरू होगा। इनमें देश के 19 केंद्रीय विश्वविद्यालय भी शामिल हैं। UGC ने कुछ समय पहले ही चार साल के कोर्स के लिए गाइडलाइंस जारी की थी। अभी तक यह कोर्स ऑप्शनल है। चाहें तो तीन साल में डिग्री ले सकते हैं।



# समिति में हुई चर्चा, ट्राइबल्स को UCC से बाहर रखा जाए


जागरूक जनता
jagrukjanta.net


**समान नागरिक** संहिता (UCC) के मुद्दे पर सोमवार को कानून मंत्रालय से जुड़ी संसदीय समिति की बैठक हुई। बताया जाता है कि समिति में बीजेपी सांसद सुशील मोदी ने नॉर्थ-ईस्ट समेत दूसरे क्षेत्रों में रहने वाले ट्राइबल समुदायों को इससे बाहर रखने का सुझाव दिया। माना जा रहा है कि मणिपुर में बने हालात और ट्राइबल बहुल नॉर्थ-ईस्ट में जनजातीय समुदायों के बीच नाराजगी बढ़ने की आशंका के बीच यह बात हुई। बताया जाता है कि UCC क्या है और यह कितना जरूरी है- जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी दलों के सदस्यों ने आरोप लगाया कि आगामी आम चुनावों के मद्देनजर विधि आयोग की यह कवायद चल रही है।



## अजमेर-92 के खिलाफ दायर याचिका खारिज़, 14 जुलाई को रिलीज़ होगी फिल्म

### हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा, सेंसर बोर्ड में रखे अपनी बात

**जयपुर @ जागरूक जनता।** अजमेर सैक्स स्कैंडल पर बनी फिल्म अजमेर-92 पर बैन लगाने वाली याचिका राजस्थान हाई कोर्ट ने खारिज़ हो गई। जस्टिस इंद्रजीत सिंह की एकलपीठ ने अंजुमन कमेटी की याचिका को खारिज़ करते हुए याचिकाकर्ता को सेंसर बोर्ड में दायर रिप्रजेंटेशन में अपनी बात रखने के लिए कहा हैं। अंजुमन कमेटी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर करके फिल्म को बैन करने व रिलीज़ से पहले रिटायर्ड हाई कोर्ट जज की अध्यक्षता में कमेटी का गठन करके अंजुमन कमेटी के सदस्यों को फिल्म दिखाने की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि फिल्म में ख्वाज़ा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह व चिश्ती समुदाय को गलत तरीके से दिखाया गया हैं। फिल्म में अजमेर दरगाह के चिन्हों को दिखाया गया हैं। जबकि 1992 में हुए सैक्स स्कैंडल में सभी समुदाय के लोग आरोपी थी। लेकिन फिल्म में केवल चिश्ती समुदाय को दिखाया गया हैं। ऐसे में फिल्म रिलीज़ से पहले याचिकाकर्ता को फिल्म दिखाई जाए। फिल्म 14 जुलाई को रिलीज़ होगी।

# बीसलपुर बांध बना सकता है रिकॉर्ड, छलकने की उम्मीद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में बिपरजॉय चक्रवात के दौरान पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश हुई और इसका सबसे ज्यादा फायदा जयपुर,अजमेर और टोंक जिलों की एक करोड़ से ज्यादा की आबादी की पेयजल जरूरतों को पूरा करने वाले बीसलपुर बांध को मिला। अब मानसून सक्रिय हो गया और बीते 13 दिन में बांध में 50 सेंटीमीटर पानी की आवक हो चुकी है। अब अगर आने वाले दिनों में मानसून की झमाझम रही तो लगातार दूसरे साल भी बांध छलकेगा और रिकार्ड बनेगा। क्योंकि अब तक के आकलन के अनुसार कोई भी बांध तीन वर्ष में एक बार छलकता है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार बांध की कुल भराव क्षमता 315.50 आरएल मीटर है। प्रदेश में बिपरजॉय चक्रवात 17 जून को आया और इसके ठीक एक दिन पहले बांध का जलस्तर 312.79 आरएल मीटर था। चक्रवात के कारण पूरे टोंक जिले और बांध के कैचमेंट एरिया में भारी बारिश हुई और पानी की आवक शुरू हो गई। इसके बाद मानसून सक्रिय हो गया और कैचमैंट एरिया में बारिश का दौर शुरू हो गया। ऐसे में 13 दिन में बांध में 50 सेंटीमीटर पानी की आवक हुई और बांध का जल स्तर 312.79 आरएल मीटर से बढ़ कर 313 .27 आरएल मीटर हो गया।

जल संसाधन विभाग के इंजीनियर्स के अनुसार बारिश का दौर ऐसा ही रहा तो बांध को छलकने में ज्यादा दिन नहीं लगेगें। क्योंकि छलकने के लिए महज सवा दो मीटर पानी की आवक की ही जरूरत होगी। पिछले वर्ष बांध 47 दिनों तक छलकता रहा और 36 टीएमसी पानी बांध से बहाया गाय।

नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे को स्वीकृत है 5 ट्रेन, उदयपुर, बीकानेर और कोटा को मिलेगी सौगात

# चुनाव से पहले 3 और शहरों से वंदे भारत, 7 को मोदी दिखाएंगे झंडी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रेलवे का इन दिनों स्टेशनों को आधुनिक बनाने पर जोर है। इसके तहत 7 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव 498 करोड़ jqi, से गोरखपुर स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा मोदी गोरखपुर से ही तीन शहरों की वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

इनमें गोरखपुर-लखनऊ, चेन्नई-तिरुपति और भगत की कोठी (जोधपुर)-साबरमती (अहमदाबाद) वंदे भारत ट्रेन शामिल हैं। इसे लेकर रेलवे की तैयारियों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वंदे भारत के संचालन के लिहाज से अजमेर-पुरी सहित 11 ट्रेनों के अहमदाबाद पहुंचने और रवाना होने के शेड्यूल में बदलाव किया गया है।

ट्रेन भगत की कोठी-साबरमती 446 किमी की दूरी 74 की औसत गति से 6 घंटे में तय करेगी। इसके बाद मोदी अगले दिन बीकानेर में भी 450 करोड़ से किए जा रहे बीकानेर स्टेशन के पुनर्विकास का भी शिलान्यास करेंगे। इसे लेकर मुख्यालय में जीएम विजय शर्मा, डीआरएम/बीकानेर संजीव श्रीवास्तव सहित अधिकारियों की बैठक हुई। बाद में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी वीसी के जरिए बैठक की।




### चुनाव से पहले बीकानेर, उदयपुर, कोटा से चलेंगी वंदे भारत

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे को 5 वंदे भारत ट्रेन का संचालन स्वीकृत है। इसमें पहली अजमेर-दिल्ली के बीच और दूसरी अब जोधपुर अहमदाबाद के बीच शुरू हो रही है। इसके बाद तीसरी वंदे भारत भी चुनाव से पहले चलाई जाएगी। हालांकि अभी इसका रूट निर्धारित नहीं है। लेकिन सूत्रों की मानें तो अगली वंदे भारत बीकानेर या उदयपुर से चलाई जाएगी। इन स्टेशनों से ट्रेन कहां के लिए चलाई जाएगी ये तय नहीं है। अभी तक जयपुर, अजमेर और जोधपुर मंडलों को वंदे भारत ट्रेन दे दी गई हैं। लेकिन बीकानेर मंडल से अभी तक वंदे भारत ट्रेन शुरू नहीं हुई है। उधर बीकानेर से सांसद अर्जुन राम मेघवाल भी यहां से वंदे भारत ट्रेन के संचालन की मांग कर चुके हैं। लेकिन कोटा मंडल में भी हाल ही में वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल किया गया है। कोटा रेल मंडल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हजरत निजामुद्दीन से कोटा के बीच वंदे भारत को चलाया जाना प्रस्तावित है। गौरतलब है कि कोटा राजस्थान में तो है, लेकिन ये उत्तर मध्य रेलवे के अधीन आता है।

# अग्र महाकुंभ को लेकर युवा सम्मेलन की महत्वपूर्ण बैठक



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूं।** अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि आगामी 23 जुलाई, 2023 को जयपुर में आयोजित होने वाले अग्र महाकुंभ से सम्बन्धित विचार विमर्श के लिए युवा सम्मेलन जयपुर ग्रामीण ज़िले की बैठक चौमू मे आयोजित की गई। आयोजित मीटिंग में चोमू अग्रवाल समाज महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल, गिरधारी गोयल, मुकेश मोदी, विजय अग्रवाल, पार्षद कन्हैयालाल थावरिया, घनश्याम बिरला, प्रमोद गोयल, विष्णु मोदी, महेश बजाज, राकेश बंसल, प्रवीण अग्रवाल, रामअवतार मोदी, कमल अग्रवाल, पिंटू अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, मुकेश जिंदल आदि उपस्थित रहें। अग्रमहाकुंभ युवा संयोजक हेमराज जिंदल के सानिध्य में संपन्न हुई इस मीटिंग में अग्र महाकुंभ पोस्टर का विमोचन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सन्मति हरकारा ने अधिक से अधिक संख्या में लाने का आह्वान किया! मीटिंग में प्रत्येक परिवार तक अग्र महाकुंभ का संदेश पहुंचाने का निर्णय लिया गया! उपस्थित समस्त अग्र युवा शक्ति ने अधिक से अधिक संख्या में जयपुर पहुँचने का संकल्प लिया।

## रामद्वारा में गुरुपूर्णिमा महोत्सव आयोजित



**केकड़ी @ जागरूक जनता।** पुरानी केकड़ी स्थित राम स्नेही संत स्वामी कीमत राम जी के सानिध्य में चल रहे चातुर्मास के दौरान गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया गया जिसमें प्रातः अनभै वाणी जी का पाठ हुआ पश्चात सन्त कीमत राम जी महाराज का प्रवचन हुआ जिसमें गुरु की महिमा का महत्व बताया गया । अनभै वाणी जी का पूजन किया गया। महाआरती हुई ओर प्रसाद वितरण हुआ। गुरुपूर्णिमा के सुअवसर पर राम स्नेही संत कीमत रामजी महाराज को सेकड़ो भक्तो ने गुरु बना कर गुरु नाम लिया। कार्यक्रम में रामगोपाल सैनी, ललित यति, आनन्द सोमानी, तुलसीराम विजय, भगवान शाख्य, हरिशंकर विजयवर्गीय, पुखराज माली, रामबाबू सागरिया, अनिल मंत्री सहित अनेक महिला पुरुषो ने धर्म लाभ लिया।




# नारायण सेवा में दिव्यांगों और साधकों ने किया गुरु पूजन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ बड़ी में गुरुपूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर संस्थापक पद्मश्री कैलाश 'मानव' का अभिनन्दन दिव्यांगों एवं देशभर से आए समाजसेवियों ने किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान कार्यकर्ताओं को सेवा का संकल्प करवाते हुए कहा कि जीवन में करुणा भाव को तिरोहित न होने दें एक समावेशी समाज के लिए यह आवश्यक है। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने कहा कि जीवन में चिरस्थायी आनन्द भाव के लिए गुरु आवश्यक है, जो शिष्य में जड़ता को समाप्त कर चैतन्य प्रदान करता है। उस व्यक्ति का जीवन उत्सव बन जाता है जो गुरु की आज्ञा के पालन को जीवन का ध्येय बना लेता हैं। उन्होंने एक गुरु के रूप में कैलाश 'मानव' की 38 वर्षीय सेवा यात्रा और उपलब्धि मूलक पड़ावों का भी जिक्र किया। महोत्सव में नारायण गुरुकुल बटुकों ने समवेत स्वरों में गुरु स्तुति की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम को कन्हैयालाल श्यामसुखा जयपुर, संस्थान निदेशक-ट्रस्टी जगदीश आर्य, देवेन्द्र चौबीसा, वन्दना अग्रवाल ने भी सम्बोधित किया। ईलाज के लिए उदयपुर आए दिव्यांगों और संस्थान साधकों ने भी सेवा गुरु के रूप में कैलाश मानव का पूजन कर आशीर्वाद लिया। संचालन महिम जैन ने किया।

# उत्साह से खिलखिलाते स्कूल पहुंचे बच्चे, अध्यापकों ने किया स्वागत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**सांचोर।** सरनाऊ पंचायत समिति के निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दाता में प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम के तहत नवप्रवेश लेने वाले बच्चों को परंपरागत रूप से बच्चों को टीका एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्कूल के संस्था प्रधान रामनिवास बिश्नोई ने बताया कि आज प्रवेश लेने वाले बच्चों का स्वागत टीका लगाकर भारतीय स्वागत परंपरा के अनुसार स्वागत किया गया। बिश्नोई कहा कि गांव ढाणी के हर कोने में छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना सरकारी विद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारा प्रयास रहेगा कि निजी एवं सरकारी स्कूलों के अंतर को खत्म किया जा सके ताकि सभी छात्र को समान शिक्षा मुहैया हो सके। विद्यालय में सभी शिक्षकों को कक्षाओं का आवंटन भी किया गया। शिक्षकों को हिदायत दी गई सभी बच्चों का आयु के अनुसार दाखिल किया जाएं। अध्यापकों ने बच्चों को नए सत्र में मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई करते हुए स्कूल व गांव का नाम रोशन करने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर प्राध्यापक नरसी लाल सोनी,इंदु विश्नोई वरिष्ठ अध्यापक भैराराम बिश्नोई, जयकिशन जाणी, मनोहर लाल बिश्नोई, मोहनलाल, बाबूलाल, चुन्नीलाल जाणी, रघुनाथाराम माँजू समेत विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

### ग्राम वासियों से भी किया आह्वान

**गांवों** के स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायतों वासियों के अलावा सामाजिक संगठनों से भी सहयोग का आह्वान किया गया। सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए अध्यापकों ने भी विशेष प्रयास किए। साथ ही उन्होंने पंचायतों वासियों से आह्वान किया कि सरकार स्कूलों में बेहतर व्यवस्था बना रही है, इसलिए गांव के बच्चों को इनका ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलवाने के लिए सरकारी स्कूलों में दाखिला जरूर करवाएं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 14 को खाटू दौरा प्रस्तावित!

### तैयारियों को लेकर प्रशासन की बैठक, एसपी-कलेक्टर ने किया निरीक्षण



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर/सीकर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 जुलाई को सीकर के प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर आ सकती हैं। इसकी तैयारियों को लेकर आज सीकर एसपी करण शर्मा और कलेक्टर डॉ अमित यादव ने खाटू कस्बे में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी करण शर्मा और जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने खाटू में पार्किंग ग्राउंड पर बने तीनों हेलिपैड को दुरुस्त करने और दो ग्रीन हाउस बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। इसके बाद दोनों ने खाटू में वीआईपी मार्ग का निरीक्षण किया। इसके अलावा मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों से भी उचित व्यवस्था करने को लेकर बातचीत की। इसके अलावा मंदिर परिसर में भी एक ग्रीन हाउस बनाने पर चर्चा की। इस दौरान एडिशनल एसपी गिरधारी लाल शर्मा, डीवाईएसपी महावीर प्रसाद, एसडीएम राकेश कुमार, तहसीलदार विपुल चौधरी और अरुण शर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि सीकर का खाटूश्याम मंदिर देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यहां हर साल करीब 80 लाख श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। उपराष्ट्रपति बनने के बाद शेखावाटी के मूल निवासी जगदीप धनखड़ ने भी मंदिर में दर्शन किए थे।

नगरीय एवं विकास मंत्री 9 जुलाई को करेंगे 'कोटा चौपाटी' का लोकार्पण

# 'कोटा चौपाटी' में आमजन को एक छत के नीचे मिलेंगे लजीज व्यंजन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**कोटा/जयपुर।** जयपुर चौपाटी की तर्ज पर बनी 'कोटा चौपाटी' में आमजन 9 जुलाई से लजीज व्यंजनों के चटकारे एक छत के नीचे ले सकेंगे। नगरीय एवं विकास मंत्री श्री शांति धारीवाल 9 जुलाई, सायं 7 बजे चौपाटी आमजन को समर्पित करेंगे। इससे पहले चौपाटी का शुभारंभ 28 जून को होना था लेकिन अपरिहार्य कारणों के चलते कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि जयपुर के मानसरोवर और प्रताप नगर में बनी श्जयपुर चौपाटीश् राजधानी के स्थानीय और विदेशी पर्यटकों के लिए हॉट डेस्टिनेशन बन चुकी है। कोटा में विकसित 'कोटा चौपाटी' भी शहर के लिए लैंडमार्क साबित होगी। उन्होंने कहा कि कोटावासी चौपाटियों पर 3 दर्जन से ज्यादा व्यंजन व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे।

अरोड़ा ने बताया कि कोटा चौपाटी में कुल 17 दुकानों एवं 4 कियोस्कों का निर्माण किया गया है, जहां इंडियन, इटालियन, कॉन्टिनेंटल व्यंजन आमजन के लिए उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि चौपाटी परिसर में म्यूजिक सिस्टम एवं म्यूजिकल बैंड के बीच व्यंजनों का स्वाद आमजन के लिए अविस्मरणीय रहेगा। गौरतलब है कि जयपुर स्थित प्रताप नगर और मानसरोवर में स्थापित चौपाटी के लजीज क्यूज़ीन और व्यंजनों के तो शहरवासी दीवाने हैं। चौपाटियों के शुरुआती 5 महीनों में अधिकतम फुटफाल के लिए तो मंडल को 2 अंतरराष्ट्रीय अवार्ड भी मिल चुके हैं।

सार्वजनिक निर्माण मंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान-जाटव



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव एवं राजस्थान धरोहर प्राधिकरण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने मंगलवार को चित्तौड़गढ कलेक्ट्रेट के समिति कक्ष में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्माण कार्यों के नियमित निरीक्षण एवं गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सार्वजनिक निर्माण मंत्री ने बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, डीएमएफटी वर्ष 2022-23 व 23 - 24 में घोषित विभिन्न सड़कों एवं सार्वजनिक निर्माण के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में अधूरी संपर्क सड़कों को पूर्ण करने, बेगू कपासन, चित्तौड़गढ़ सहित बड़ी सादड़ी क्षेत्र में सड़कों के चौड़ीकरण आदि कार्यों की समीक्षा कर उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। मंत्री श्री जाटव ने अधिकारियों से कहा कि वह विभिन्न निर्माण कार्यों के वर्क आर्डर होते ही शीघ्र कार्य शुरू करवाए ताकि समयबद्ध रूप से वह पूर्ण हो सके। बैठक में चितौड़गढ़ जिला कलक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल, सार्वजनिक निर्माण विभाग के एडिशनल चीफ अशोक शर्मा सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव एवं राजस्थान धरोहर प्राधिकरण बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने इसके पश्चात शहर में निर्माणाधीन नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों, विद्युत फिटिंग सहित विभिन्न कार्यों का गहनता से अवलोकन किया एवं उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए।

# महिला ने एक साथ तीन बेटियों को ऑपरेशन से दिया जन्म

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नीमकाथाना।** नीमकाथाना के राजकीय जिला कपिल अस्पताल में एक महिला ने एक साथ तीन बेटियों को जन्म दिया। प्रसूता और तीनों नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं। वही तीनों बच्चियों को एसएनसीयू में शिफ्ट कराया गया है।

## शादी के 8 साल बाद हुई पहली डिलीवरी

जानकारी के अनुसार खेतड़ी के बुरका गांव की रहने वाली अर्चना (22) पत्नी हरिओम गुर्जर को प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार दोपहर 3 बजे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां स्त्री रोग विशेषज्ञों की टीम ने अर्चना का ऑपरेशन कर सुरक्षित प्रसव करवाया। अर्चना ने पहली बच्ची को 4.15 पर, दूसरी को 4.30 बजे और तीसरी बच्ची को 4.51 पर जन्म दिया है। डिलीवरी के बाद मां और बेटियां पूरी तरह स्वस्थ्य है। अर्चना गुर्जर के शादी के 8 साल बाद पहली डिलीवरी हुई है। अर्चना के पति हरिओम ट्रक ड्राइवर हैं। बता दें कि तीनों बेटियों को डिलीवरी के बाद एसएनसीयू में भर्ती कराया गया है। तीनों नवजात में वजन 1 किलो 810 ग्राम, 2 किलो 250 ग्राम व 1 किलो 350 ग्राम है।



मौके के वीडियो देने के मामले में फैसला आज, 26 जुलाई को होगी चार्ज बहस

# कन्हैयालाल के हत्यारों को मिलेगी चार्जशीट की हिन्दी कॉपी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर/जयपुर।** उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड मामले में आरोपियों को चार्जशीट की हिन्दी कॉपी उपलब्ध करवाई जाएगी। आरोपियों की ओर से लगाई गई एप्लिकेशन को एनआईए की विशेष अदालत ने मंजूर कर लिया। वहीं, घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज व वीडियो उपलब्ध करवाने के मामले में अदालत आज अपना फैसला सुनाएगी।

आरोपियों की तरफ से कोर्ट इस बाबत एप्लीकेशन लगाई गई थी। वहीं, एनआईए की विशेष अदालत में सभी 9 आरोपियों को पेश किया गया था। सभी को अजमेर जेल से कड़ी सुरक्षा में जयपुर कोर्ट में लाया गया। अब मामले में 26 जुलाई को चार्ज बहस होगी। गौरतलब है कि 28 जून 2022 को कन्हैयालाल की मोहम्मद रियाज़ अटारी और गौस मोहम्मद ने निर्मम तरीके से गला काटकर हत्या कर दी थी। आज एनआईए की ओर से अधिवक्ता टीपी शर्मा ने और आरोपियों की ओर से अधिवक्ता मिन्हाजुल हक ने पैरवी की।

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23









संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039